प्रयागराज, कानपुर, रायबरेली, कौशाम्बी, इटावा, फिरोजाबाद, कानपुर देहात, बांदा, औरैया, उन्नाव, वाराणसी, मिर्जापुर, हमीरपुर, जालौन एवं महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश मे प्रसारित

फतेहपुर संस्करण | फतेहपुर/लखनऊ से प्रकाशित | R.N.I : UPHIN/ 2011/44792

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक — केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

# न्यूज़ वाणी

www.newswani.in



अमेरिका कहीं ईरान में वॉर क्राइम तो नहीं कर रहा है? पेज- 2

श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का वर्णन पेज-6

वर्ष : 15 अंक : 104 | रविवार 05 अप्रैल 2026 | डाक पंजीयन संख्या: एफटीपी/एल/समाचार पत्र/2025–27/106 | पृष्ठ 06 मूल्य 1.00 रूपया

## ग्रेट निकोबार परियोजना के लिए स्थानीय लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज कर बुलडोजर चलाया जा रहा : कांग्रेस

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस ने शनिवार को एक खबर का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि ग्रेट निकोबार परियोजना



के लिए स्थानीय लोगों की चिंताओं को नजरअंदाज कर बुलडोजर चलाया जा रहा है। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने जिस खबर का हवाला दिया उसमें कहा गया है कि केंद्र सरकार की ग्रेट निकोबार परियोजना से प्रभावित निकोबारी जनजातीय समुदायों को स्थानांतरित करने की रूपरेखा तैयार करने वाली एक मसौदा योजना स्थानीय लोगों के बीच आशंकाओं को बढ़ा रही है। रमेश ने एक्स पर पोस्ट किया, स्थानीय समुदायों की चिंताओं की परवाह किए बिना बुलडोजर चलाने का कदम उठाया जा रहा है। लेकिन यहां एक बुनियादी विरोधाभास भी है। मोदी सरकार का दावा है कि ग्रेट निकोबार इन्फ्रा परियोजना जनजातियों को परेशान या विस्थापित नहीं करेगी, फिर पुनर्वास योजना क्यों? उन्होंने कहा कि स्पष्ट है कि सरकार का दावा झूठ है। ग्रेट निकोबार परियोजना एक रणनीतिक अवसंरचना योजना है, जो अंडमान के दक्षिणी छोर से संबंधित है। 2021 में शुरू की गई इस परियोजना के तहत अंतरराष्ट्रीय कंटेनर ट्रांसशिपमेंट टर्मिनल, एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा, आधुनिक टाउनशिप और एक गैस–सौर ऊर्जा संयंत्र का निर्माण शामिल है।

## अल्पसंख्यकों पर हमला करने वालों से केरल के मुख्यमंत्री की सांठगांठ : राहुल गांधी

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस के शीर्ष नेता राहुल गांधी ने शनिवार को केरल में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक गठबंधन (स्क्थ) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि देश के अन्य हिस्सों में अल्पसंख्यकों पर हमला करने वाले लोगों के साथ मुख्यमंत्री पिनराई विजयन की सांठगांठ है। गांधी ने यहां एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए भाजपा–एलडीएफ के बीच गठजोड़ का आरोप दोहराया और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर चुनाव प्रचार के दौरान शबरिमला मुद्दे पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। कांग्रेस नेता के साथ मंच साझा करने वाले मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के पूर्व नेता जी सुधाकरन का जिक्र करते हुए गांधी ने कहा कि उनकी मौजूदगी एलडीएफ के भीतर गहरी दरार का संकेत है। सुधाकरन अंबलपुझा से यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गांधी ने कहा, ष्मंच पर एक वरिष्ठ वामपंथी नेता बैठे हैं। इसके पीछे कारण है। ऐसा नहीं है कि उन्होंने अचानक



अपनी सोच बदल ली है। जो लोग वर्षों तक किसी राजनीतिक संगठन में रहते हैं, वे उसके मूल्यों को आत्मसात कर लेते हैं। वे अवसरवादिता के कारण यहां नहीं हैं बल्कि इसलिए हैं क्योंकि एलडीएफ में मूल भावना बदल गई है। उन्होंने कहा, एलडीएफ का मतलब है वाम लोकतांत्रिक मोर्चाश, लेकिन अब साफ तौर पर उसमें कुछ भी वामपंथी नहीं रह गया है। चुनाव के बाद स्थिति और भी बदतर हो जाएगी। गांधी ने आरोप लगाया कि एलडीएफ ऊपर से कुछ और दिखती है, लेकिन असल में उसकी दिशा कहीं और से तय हो रही है, इसी कारण उसके नेता व कार्यकर्ता भी असहज हैं। उन्होंने कहा, एलडीएफ पर ऐसी ताकतों का प्रभाव है जो सांप्रदायिक राजनीति करती हैं, भारत के संविधान को नहीं मानतीं, लोगों को बांटती हैं और नफरत फैलाती हैं। केरल में हर कोई भाजपा, आरएसएस तथा माकपा के बीच संबंध देख सकता है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि एलडीएफ में दो तरह के नेता हैं–एक वे जो सत्ता के लिए अवसरवादी रुख अपनाते हैं और भाजपा–आरएसएस के समर्थन की परवाह नहीं करते, तथा दूसरे वे जो वर्षों तक पार्टी के लिए काम करने के बाद अब खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि वह अन्य राज्यों में अपने भाषणों में धर्म और मंदिरों की बात करते हैं, लेकिन केरल में शबरिमला से जुड़े मुद्दों पर चुप रहते हैं। उन्होंने कहा, मैं भाजपा और आरएसएस का सामना करता हूं। वे मुझ पर हमला करते हैं, मेरे खिलाफ मामले दर्ज किए जाते हैं, मुझसे पूछताछ होती है, लेकिन मैं पीछे नहीं हटता। मोदी मुझ पर रोज हमला करते हैं, लेकिन केरल के मुख्यमंत्री व उनके परिवार पर कुछ क्यों नहीं बोलते? गांधी ने आरोप लगाया, जब मोदी केरल आते हैं, तो वह धर्म और मंदिरों की बात नहीं करते, क्योंकि वह एलडीएफ की मदद करना चाहते हैं। सच्चाई यह है कि वह जानते हैं कि एलडीएफ उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर चुनौती नहीं देगा। उन्होंने दावा किया कि देश के विभिन्न हिस्सों में अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। गांधी ने कहा, ष्यहां की दो नन पर छत्तीसगढ़ में हमला हुआ, मणिपुर में चर्च जलाए गए। जो लोग अल्पसंख्यकों–मुसलमानों, ईसाइयों और सिखों पर हमला कर रहे हैं, उन लोगों के साथ मुख्यमंत्री की सांठगांठ है।

## खड़गपुर रैली में सीएम रेखा गुप्ता ने कहा

## -बंगाल में भय और भ्रष्टाचार की राजनीति का होगा अंत

(एजेंसी) खड़गपुर। खड़गपुर में भाजपा उम्मीदवार दिलीप घोष के नामांकन से पहले शहर में जोरदार रैली निकाली गई, जिसमें पार्टी के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने चुनावी माहौल को और गरमा दिया। इस रैली में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता सुवेंदु अधिकारी भी शामिल हुए। दोनों नेताओं ने रैली वाहन से जनता को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं और समर्थकों में जोश भरा और राज्य की मौजूदा सरकार पर तीखे हमले किए। रेखा गुप्ता ने अपने संबोधन में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ के मुद्दे को उठाते हुए इसे राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ा गंभीर विषय बताया। उन्होंने कहा कि राज्य के संसाधनों का इस्तेमाल घुसपैठियों के लिए नहीं होने दिया जाएगा और अब समय आ गया है कि भय और भ्रष्टाचार की राजनीति को



खत्म किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि विकास और विश्वास की राजनीति को आगे बढ़ाने के लिए जनता अब बदलाव चाहती है। साथ ही उन्होंने ममता बनर्जी पर निशाना साधते हुए कहा कि महिला मुख्यमंत्री होने के बावजूद राज्य की महिलाओं को अपेक्षित सम्मान और अधिकार नहीं मिल पाए हैं। वहीं सुवेंदु अधिकारी ने दावा किया कि पूरे पश्चिम बंगाल में बदलाव की लहर चल रही है। उन्होंने कहा कि दार्जिलिंग से लेकर दीघा और कूचबिहार से लेकर काकदीप तक हर जगह लोग परिवर्तन चाहते हैं और भाजपा के पक्ष में माहौल बन रहा है। उन्होंने टीएमसी पर आरोप लगाते हुए कहा कि राज्य में कानून–व्यवस्था की स्थिति कमजोर हुई है और गलत तत्वों को संरक्षण दिया जा रहा है। रैली में शामिल भाजपा नेता श्रीनाथ सिन्हा ने भी कार्यकर्ताओं और आम जनता के उत्साह का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि दिलीप घोष के नामांकन को लेकर लोगों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है और रैली के दौरान सड़कों पर बड़ी संख्या में लोग समर्थन जताते नजर आए। इस रैली के जरिए भाजपा ने खड़गपुर में अपनी ताकत का प्रदर्शन करते हुए चुनावी अभियान को और तेज कर दिया है, जिससे आने वाले दिनों में राजनीतिक मुकाबला और भी दिलचस्प होने की संभावना है।

## खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स में सिद्दी समुदाय के पहलवानों ने किया कमाल, जीते तीन स्वर्ण और एक रजत पदक

(एजेंसी) अंबिकापुर। प्रतिभा को किसी परिचय की जरूरत नहीं होती की कहावत को चरितार्थ करते हुए खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में कर्नाटक के सिद्दी समुदाय के पहलवानों ने तीन स्वर्ण और एक रजत पदक के साथ मैट पर अपनी जबरदस्त छाप छोड़ी है। अफ्रीकी मूल के भारत में लगभग 50,000 सिद्दी लोग रहते हैं, जिनमें से एक–तिहाई कर्नाटक में निवास करते हैं। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में कर्नाटक के नौ पहलवानों ने हिस्सा लिया, जिनमें से 4 सिद्दी समुदाय से थे। इन चार पहलवानों में से तीन ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया जबकि एक को रजत पदक मिला। स्वर्ण पदक जीतने वाले पहलवानों में मनीषा जुआवा सिद्दी (76 किग्रा), रोहन एम डोड़ामणि (ग्रीको रोमन 60 किग्रा) और प्रिंसिता पेदरू फर्नांडिस सिद्दी (68 किग्रा) शामिल हैं जबकि शालिना सेयर सिद्दी (57 किग्रा) को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। इन पहलवानों की सफलता न सिर्फ उनके संघर्ष और मेहनत की कहानी कहती है, बल्कि कुश्ती जैसे खेलो में सिद्दी समुदाय के बढ़ते वर्चस्व को भी दिखाता है। कर्नाटक के इन चारों पहलवानों का दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में ट्रायल हुआ था और वहां भी ये पहले नंबर पर रहे थे। सिद्दी समुदाय के प्रदर्शन से कर्नाटक कुश्ती टीम की कोच ममता बेहद गौरवान्वित महसूस कर रही हैं। ममता ने कहा, जैसे हमारे देश में कुश्ती में हरियाणा का दबदबा है तो ठीक वैसे ही हमारे राज्य में अहलियाल क्षेत्र का कुश्ती में वर्चस्व रहता है। राज्य में डिपार्टमेंट ऑफ यूथ एंड डेवलपमेंट एंड सेंटर मुख्य रूप से इन्हीं सिद्दी समुदाय के लिए है। इनके बच्चे यहीं पर ट्रेनिंग करते हैं। पिछले कुछ समय से इन समुदाय के लोगों के अंदर कुश्ती का क्रेज बढ़ा है और वे अब अपने बच्चों को कुश्ती में भेजने लगे हैं। उत्तरी कर्नाटक के धारवाड़ जिले से आने वाले पुरुष पहलवान रोहन एम. डोड़ामणि भी इसी समुदाय से आते हैं। डोड़ामणि की मां सरकारी स्कूल में खानी पकाती हैं जबकि पिता का छह साल पहले ही देहांत हो चुका है। रोहन ने कहा, सिद्दी समुदाय के अंदर हर समय–समय छोटे दंगल होते रहते हैं और जो इनमें जितता है, उन्हें ज्यादा से ज्यादा पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाता है। खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स 2026 में स्वर्ण जीतने से पहले मैं सीनियर नेशनल चौंपियनशिप, नेशनल गेम्स और ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में भी भाग ले चुका हूं। साई के टैलेंट डेवलपमेंट कमेटी के सदस्य महा




सिंह राव कहते हैं, साई और खेल मंत्रालय की तरफ से हम कम उम्र के प्रतिभाशाली बच्चों की पहचान करते हैं ताकि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जो सपना है कि 2036 ओलंपिक खेल भारत में हो, उस सपने को साकार करने के लिए ये सरकार की रणनीति का एक हिस्सा है। प्रधानमंत्री के अलावा खेल मंत्री, साई और हम इस सपने को साकार करने में लगे हुए हैं कि आगे आने वाले ओलंपिक खेलों में हम ज्यादा से ज्यादा मेडल जीते। उत्तर कन्नड़ कारवार जिले से आने वाली शालिना सेयर सिद्दी ने इस प्रतियोगिता में रजत पदक जीतने के बाद कहा, हमारे समुदाय में कुश्ती को लेकर अब लोग दिलचस्पी लेने लगे हैं। मैंने अपने अंकल के कहने पर कुश्ती शुरू की थी और शुरू से ही वह मुझे ट्रेनिंग देते आ रहे हैं। मैंने इस प्रतियोगिता के लिए मेहनत तो पूरी की थी, लेकिन किस्मत को कुछ और ही मंजूर था और मैं स्वर्ण जीतने से चूक गई। कर्नाटक के उत्तर कन्नड़ कारवार जिले से ही आने वाली प्रिंसिता सिद्दी ने कहा, शुरुआत में मुझे कुश्ती में दिलचस्पी नहीं थी और मैं बहुत रोई थी। लेकिन फिर धीरे–धीरे जब हमारे समुदाय के बच्चे इसमें भाग लेने लगे तो उन्हें देखकर मैं भी प्रैक्टिस करने लगी। यहां तक पहुंचने के लिए मैं शाम–सुबह दो–दो घंटे प्रैक्टिस करती हूं। मुझे इंटरनेशनल लेवल पर मेडल लाना है और इसके लिए मैं कड़ी मेहनत कर रही हूं।

## सरकारी इमारतों में चीनी सीसीटीवी पर बवाल, राहुल गांधी ने उठाए डेटा सुरक्षा पर बड़े सवाल

(एजेंसी) नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर केंद्र सरकार को



लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं, उन्होंने कहा कि भले ही सरकार ने आम लोगों के लिए चीनी सीसीटीवी कैमरों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी है, लेकिन सरकारी इमारतों में अभी भी ऐसे कैमरे लगे हुए हैं। उन्होंने कहा, "विदेशी एआई प्लेटफॉर्म संवेदनशील डेटा को प्रोसेस कर रहे हैं और सरकार के पास इस बारे में कहने के लिए कुछ भी नहीं है। मैंने संसद में इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय से सवाल पूछे थे। जवाब में बहुत कुछ कहा गया, लेकिन जो पूछा गया था, उसका कोई जवाब नहीं दिया गया। राहुल गांधी ने बताया कि उन्होंने सरकार से पूछा था कि हमारे कैमरे किन देशों से आए? उनमें से कितने सुरक्षा की दृष्टि से प्रमाणित हैं? कौन से विदेशी एआई प्लेटफॉर्म सरकारी डेटा प्रोसेस कर रहे हैं? कौन से प्रतिबंधित ऐप्स बदले नामों के साथ अब भी चल रहे हैं? राहुल ने कहा कि मंत्रालय के जवाब में न कोई संख्या, न कोई जवाब, एक भी प्लेटफार्म का नाम तक नहीं। राहुल गांधी ने सरकार के जवाब का पत्र सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए लिखा, "पांच साल पहले यह मानने के बाद कि सरकार द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे 10 लाख चीनी कैमरे डेटा ट्रांसफर के जोखिम पैदा करते हैं, आज भी सरकार ने ये नहीं बताया कि आज जो कैमरे हम पर नजर रख रहे हैं, वे सुरक्षित हैं या नहीं। यह जानबूझकर भारत को अंधेरे में रखने की साजिश है। मोदी सरकार अपनी नाकामी पर पर्दा डाल विदेशी निगरानी की सच्चाई छिपा कर हर नागरिक की सुरक्षा को जोखिम में डाल रही है।" दिल्ली के सीसीटीवी सर्विलांस नेटवर्क का आधे से ज्यादा हिस्सा चीन में बने कैमरों का है, जिसके चलते राज्य सरकार ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी चिंताओं को देखते हुए इन्हें चरणबद्ध तरीके से बदलने का काम शुरू कर दिया है। लोक निर्माण विभाग (पीडब्लयूडी) के मंत्री प्रवेश वर्मा ने बुधवार को कहा कि चीनी कंपनी भ्पाअपेपवद से लिए गए कैमरों को पूरे शहर से धीरे–धीरे हटाया जाएगा और उनकी जगह दूसरे कैमरे लगाए जाएंगे। दिल्ली में पीडब्लयूडी ने 2.7 लाख से ज़्यादा सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। इनमें से पहले चरण (सितंबर 2020 से नवंबर 2022) के दौरान लगाए गए लगभग 1. 4 लाख कैमरे चीन में बने हैं, जबकि दूसरे चरण (जून 2025 से मार्च 2026) में लगाए जाने वाले बाकी कैमरे चीन के अलावा दूसरे देशों से लिए जाएंगे। लेकिन सरकारी इमारतों के अंदर चीनी कैमरों को लेकर सरकार ने कोई एक्शन नहीं लिया है, जिसपर सवाल खड़े हो रहे हैं।

## घुसपैठियों को पनाह देने वाली सरकार को पश्चिम बंगाल की जनता उखाड़ फेंकना चाहती है : केश प्रसाद मौर्य

(एजेंसी) प्रयागराज। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 2027 विधानसभा चुनाव की




तैयारियों को लेकर कार्यकर्ताओं से पूरी ताकत के साथ जुट जाने का आह्वान किया। सर्किट हाउस में आयोजित बैठक के दौरान उन्होंने बीजेपी के नवनियुक्त जिला स्तरीय पदाधिकारियों और नामित पार्षदों से मुलाकात की और उन्हें संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिए। इस दौरान केशव प्रसाद मौर्य ने कहा, कार्यकर्ताओं से मिलना हमारी प्राथमिकता रहती है। उन्होंने कहा कि 2027 में प्रयागराज में 12 विधानसभा सीटें हैं जो सीटें हम पिछली बार हारे थे इस बार वहां भी कमल खिले इसका प्रयास है... वे (अखिलेश यादव) दावें 2014 से कर रहे हैं लेकिन जनता उनके दावों की हवा निकाल देती है... महिला सम्मान, विकास का ध्यान रखना हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने आगे कहा, हम संघर्ष कर रहे हैं, लोकतंत्र विरोधी सरकार, अपराधियों को सरंक्षण देने वाली सरकार, घुसपैठियों को पनाह देने वाली सरकार पश्चिम बंगाल में है, उसे पश्चिम बंगाल की जनता भी उखाड़ फेंकना चाहती है। गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल में 294 विधानसभा की सीटों पर दो चरणों में मतदान होगा यहां मतदान 23 और 29 अप्रैल को होगा, जबकि वोटों की गिनती 04 मई को होगी। हालांकि बंगाल में भारतीय जनता पार्टी ने पूरी तातक के साथ चुनावी मैदान में हैं फिलहाल अब 04 मई को ही साफ होगा कि क्या बंगाल की जनता सत्ता परिवर्तन करती है, या फिर ममता सरकसा ही बंगाल में रहेगी।

# सम्पादकीय

## अजीब विड़ंबना है

### पापा युद्ध छेड़े और बेटे हथियार बेचें

ईरान युद्ध की तपिश हर कोई महसूस कर रहा है। मैं नफीस जाफरी आपको यह बता दूं कि गैस की किल्लत से आपके चूल्हे तक आई जंग की आंच धीरे–धीरे आपकी थाली तक पहुंच रही है। संयुक्त राष्ट्र खाद्य एवं .षि संगठन ने कहा है कि मार्च में वैश्विक खाद्य कीमतें पिछले साल सितंबर के बाद से उच्चतम स्तर पर पहुंच गईं हैं और अगर ईरान युद्ध जारी रहता है तो इनमें और वृद्धि हो सकती है। विदित तो कि एफएओ के मुख्य अर्थशास्त्री मैक्सिमो टोरेरो ने एक बयान में कहा, युद्ध शुरू होने के बाद से खाने–पीने के सामान की कीमतों में वृद्धि मामूली रही है, जिसका मुख्य कारण पेट्रोल–डीजल की ऊंची कीमतें हैं। मगर दुनिया भर में अनाज अधिक मात्रा में मौजूद होने के कारण अभी महंगाई बेकाबू नहीं हुई है। लेकिन अगर संघर्ष 40 दिनों से अधिक चलता है और खेती की लागत अधिक हो जाती है, तो किसान उत्पादन कम कर सकते हैं। मतलब कम बुवाई कर सकते हैं या कम उर्वरक (खाद) वाली फसलों की ओर रुख कर सकते हैं। इससे अलगे साल होने वाली पैदावार पर असर पड़ेगा और इस साल के बाकी बचे समय और अगले पूरे साल के लिए खाने–पीने के सामान बहुत महंगे हो जाएंगे। अब चर्चा एक सनसनी खेज खुलासे की तो मालूम हो कि जिस जंग में हजारों लोगों की जान जाती है, सैनिक शहीद होते हैं, घर उजड़ जाते हैं, क्या उससे किसी को फायदा होता है? कायदे से इसका जवाब हर स्थिति में ना होना चाहिए क्योंकि जंग से बुरी चीज और कुछ नहीं होती। उसे किसी तरह से फायदे का जरिया नहीं बनाया जाना चाहिए। हालांकि अमेरिका और ईरान में कुछ ऐसा हो रहा है जिसपर सवाल उठ रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दो सबसे बड़े बेटों ने हाल ही में जिस ड्रोन बनाने वाली कंपनी में अपना पैसा लगाया था, अब वह कंपनी खाड़ी देशों को अपने ड्रोन बेचने की कोशिश कर रही है। यह तब हो रहा है जब ये देश ईरान के हमलों का सामना कर रहे हैं और सुरक्षा के लिए अमेरिकी सेना पर निर्भर हैं, जिसका नेतृत्व उनके पिता करते हैं। लोरिडा में स्थित कंपनी पावरस ने पिछले महीने घोषणा की थी कि एरिक ट्रंप और डोनाल्ड ट्रंप जूनियर कंपनी से जुड़ेंगे। अब कंपनी इन खाड़ी देशों को ड्रोन बेचने की कोशिश कर रही है। इससे कंपनी को उस युद्ध से फायदा मिल सकता है जिसे उनके पिता ने शुरू किया था। एपी की रिपोर्ट के अनुसार पावरस के सह–संस्थापक ब्रेट वेलिकोविच ने बताया कि कंपनी कई खाड़ी देशों में अपने ड्रोन का प्रदर्शन कर रही है। कंपनी यह दिखा रही है कि उसके रक्षा करने वाले ड्रोन इंटरसेप्टर इन देशों को ईरान के हमलों से बचाने में कैसे मदद कर सकते हैं। ब्रेट वेलिकोविच ने मैसेज में कहा, "हमारी टीम अभी मिडिल ईस्ट के कई देशों में हमारे इंटरसेप्टर का प्रदर्शन कर रही है। हमारे पास बहुत शानदार तकनीक है जो लोगों की जान बचा सकती है। एरिक ट्रंप और डोनाल्ड ट्रंप जूनियर ऑटोनॉमस ड्रोन कंपनी च्वूमतने और सार्वजनिक रूप से सूचीबद्ध कंपनीऑरियस ग्रीनवे होल्डिंग्स इंक के विलय में "प्रमुख निवेशक" हैं। विलय के बाद जो नई संयुक्त कंपनी बनेगी, उसका नाम च्वूमतने होगा। यह कंपनी "उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में सैन्य और व्यावसायिक उपयोग" के लिए ऑटोनॉमस ड्रोन बनाएगी। ट्रंप भाइयों का पावरस के साथ किया गया यह समझौता उन्हें कंपनी में बड़ा हिस्सा दे सकता है। जब ट्रंप भाइयों के कंपनी में हिस्सेदारी की घोषणा हुई थी, तब पावरस ने कहा था कि इसमें किसी तरह का टकराव नहीं है। ब्रेट वेलिकोविच ने कहा कि कंपनी का लक्ष्य अमेरिका को चीन और रूस के ड्रोन निर्माताओं के बराबर लाना और उनसे आगे निकलना है। राष्ट्रपति के बड़े बेटे अपने पिता के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद अपने कारोबार को होटल और गोल्फ कोर्स से आगे बढ़ा चुके हैं। जिन कंपनियों में उन्होंने निवेश किया है या जिनके वे सलाहकार बने हैं, उनमें कई तरह के कारोबार शामिल हैं– जैसे क्रिप्टोकरेंसी, भविष्यवाणी (प्रिडिक्शन) बाजार, और सरकारी ठेके लेने वाली कंपनियां जो रॉकेट के पुर्जे और दुर्लभ पृथ्वी (रेयर अर्थ) के चुंबक बनाती हैं। ट्रंप के बेटों का यह नया कारोबार (ड्रोन कंपनी में पैसा लगाना) पेंटागन द्वारा रखे गए 1.1 अरब डॉलर के फंड पर नजर रखे हुए है। यह पैसा अमेरिका में हथियार वाले ड्रोन बनाने के उद्योग को बढ़ाने के लिए रखा गया है। यह जरूरत तब पैदा हुई है जब ट्रंप सरकार ने चीन से ऐसे ड्रोन मंगाने पर रोक लगा दी थी। रिपोर्ट के अनुसार ट्रंप के बेटों का कहना है कि अपने पिता के पहले राष्ट्रपति कार्यकाल में उन्होंने अपने कारोबार को ज्यादा नहीं बढ़ाया था, लेकिन उन्हें इसके लिए कोई सराहना नहीं मिली। इसलिए इस बार उन्होंने फैसला किया है कि वे अपने कारोबार को बढ़ाने से खुद को ज्यादा नहीं रोकेंगे।



नफीस जाफरी

# अमेरिका कहीं ईरान में वॉर क्राइम तो नहीं कर रहा है?



गुलफिशा खान

ईरान के साथ चल रहे जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने होर्मुज स्ट्रेट को एक नया बयान दिया। ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लिखे एक पोस्ट में होर्मुज स्ट्रेट खोलने को लेकर थोड़ा और समय मिलने की बात कही। ट्रंप ने लिखा– थोड़ा और समय मिलने पर हम आसानी से होर्मुज़ जलडमरूमध्य को खोल सकते हैं, तेल हासिल कर सकते हैं, और अकूत दौलत कमा सकते हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने सवाल उठाते हुए यह भी लिखा कि क्या यह दुनिया के लिए दौलत का फव्वारा साबित होगा? मालूम हो कि ईरान के साथ बीते एक महीने से अधिक समय से चल रहे इस जंग के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप होर्मुज स्ट्रेट को लेकर पहले भी कई टिप्पणियां कर चुके हैं। वहीं इस सबके बीच सवाल यह पैदा हुआ है कि क्या अमेरिका के राष्ट्रपति ईरान में वॉर क्राइम या युद्ध अपराध कर रहे हैं? जब जंग के नाम पर नागरिकों की जानबूझकर हत्या की जाए,अस्पतालों या स्कूलों पर हमला किए जाए या सैन्य आवश्यकता से अधिक विनाश किया जाए तो उसे युद्ध अपराध कहा जाता है। ट्रंप पर अब यही आरोप लग रहे हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान की बिजली और पानी के प्लांट को नष्ट करने और 9 करोड़ आबादी वाले इस देश को पाषाण युग में पहुंचाने की धमकी दी है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसा करके ट्रंप एक पुरानी परंपरा तोड़ रहे हैं। वे सिर्फ ऐसे कामों को स्वीकार ही नहीं कर रहे, बल्कि उन पर गर्व भी कर रहे हैं, जिन्हें संभावित युद्ध अपराध माना जा सकता है। इस आलेख के माध्यम से चलिए समझते हैं कि इस मुद्दे पर विशेषज्ञ क्या कह रहे हैं, कैसे ट्रंप के यह कदम ईरान के आम नागरिकों की जिंदगी तबाह कर रहे हैं और क्या ट्रंप को इसके लिए कोई सजा मिल सकती है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के अनुसार हार्वर्ड, येल, स्टैनफोर्ड और यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया जैसी यूनिवर्सिटी के 100 से ज्यादा अंतरराष्ट्रीय कानून विशेषज्ञों ने जारी एक ओपन लेटर में कहा कि अमेरिकी सेना के काम और अमेरिका के वरिष्ठ अधिकारियों के बयान "अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार कानून और अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून के उल्लंघन को लेकर गंभीर चिंता पैदा करते हैं, जिनमें संभावित युद्ध अपराध भी शामिल हैं।" द्वितीय विश्व युद्ध के बाद बने जिनेवा कन्वेंशन में युद्ध के नियम तय किए गए थे। इसके अनुसार उन चीजों को नष्ट करना मना है जो आम लोगों के जीवित रहने के लिए जरूरी हों. अंतरराष्ट्रीय कानून के अनुसार बिजली घरों जैसे नागरिक ठिकानों पर हमला तभी किया जा सकता है जब यह साबित हो कि वे मुख्य रूप से सेना की मदद कर रहे हैं। 2024 में इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट ने रूस के चार सैन्य अधिकारियों पर यूक्रेन की बिजली व्यवस्था पर लगातार हमले करने के आरोप में मुकदमा चलाया था। फिर भी ट्रंप ने बीते दिनो अपने दिए गए एक भाषण में कहा कि अगर ईरान उनके साथ कोई समझौता नहीं करता, तो अमेरिकी



सेना "उनके हर एक बिजली बनाने वाले प्लांट को निशाना बनाएगी।" ट्रंप ने कहा कि अगले दो से तीन हतों में हम उन्हें फिर से पाषाण युग में भेज देंगे, जहां उनका स्थान है. अमेरिका ने ईरान के सबसे ऊंचे पुल को भी तबाह कर दिया है। ट्रंप ने इस बड़े पुल के नष्ट होने का वीडियो पोस्ट किया और लिखा, "अभी और बहुत कुछ होगा." उधर ईरान ने बताया कि लगभग 100 साल पुराने एक मेडिकल रिसर्च केंद्र पाश्चर इंस्टीट्यूट को भी भारी नुकसान हुआ है। ट्रंप ने तेल के कुओं पर हमला करने की धमकी भी दी है। 1991 में पहले गल्फ युद्ध के दौरान जब इराक की सेना कुवैत से पीछे हट रही थी, तब उसने तेल के कुओं में आग लगा दी थी, जिसकी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बहुत निंदा हुई थी। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा है कि ईरान पर "पूरा दिन आसमान से मौत और तबाही बरसेगी।" उन्होंने यह भी कहा कि वे बेकार के युद्ध नियमों को मानने से इनकार करेंगे। जंग के पहले ही दिन अमेरिका ने ईरान में लड़कियों के स्कूल पर हमला किया था। इस मिसाइल हमले में 170 से अधिक लोग, अधिकतर छात्राएं, मारी गई। तेहरान में सबसे बड़े हॉस्पिटल (गांधी हॉस्पिटल) को भी निशाना बनाया गया। ह्यूमन राइट्स वॉच की वॉशिंगटन डायरेक्टर सारा यागर ने कहा कि अगर ईरान के बिजली घर नष्ट कर दिए गए, तो इससे आम लोगों को बहुत बड़ा नुकसान होगा। इससे अस्पतालों, पानी की सप्लाई और अन्य जरूरी सेवाओं की बिजली बंद हो जाएगी। उन्होंने कहा, "अमेरिकी सेना के पास ऐसे नियम होते हैं जो आम लोगों को नुकसान से बचाने के लिए बनाए गए हैं। लेकिन जब राष्ट्रपति इस तरह की भाषा बोलते हैं, तो यह संकेत मिलता है कि इन नियमों को मानना जरूरी नहीं है। यही इस समय को बहुत खतरनाक बनाता है।" अगर अमेरिका युद्ध अपराध करता भी है, तो भी अभी के समय में ट्रंप, उनके रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ और दूसरे अधिकारियों के लिए तुरंत कोई बड़ा खतरा नहीं दिखता। ट्रंप सरकार ने इंटरनेशनल क्रिमिनल कोर्ट को कमजोर करने की कोशिश की है, क्योंकि इस अदालत ने गाजा युद्ध के मामले में इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ गिरतारी वारंट जारी किया था। विशेषज्ञों के अनुसार, कम से कम अभी के समय में ट्रंप को इसके लिए शायद कोई सजा नहीं होगी, क्योंकि उनकी सरकार उन अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश कर रही है जो नियमों और कानूनों को लागू करने का काम करती हैं।

# असम - हाफ़लोंग में सियासी संग्राम बीच हाई वोल्टेज मुकाबला



शबाब हुसैन

असम विधानसभा चुनाव में वार–पलटवार का दौर जारी है। कांग्रेस हो या भाजपा, हर दल इन दिनों कमर कसके चुनावी तैयारियों में लगा हुआ है। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के '90 पार' के दावे पर पलटवार करते हुए असम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने इसे मुंगेरीलाल के हसीन सपने करार दिया है। गोगोई ने कहा कि असम की जनता बदलाव चाहती है और इस बार विपक्षी गठबंधन को उम्मीद से देख रही है। गौरव गोगोई ने आरोप लगाया कि राज्य के लोग राजनीतिक माफिया और भ्रष्ट शासन से छुटकारा चाहते हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर भ्रष्टाचार के मामलों में मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कांग्रेस पर घुसपैठियों के मुद्दे पर किए गए हमले का जवाब देते हुए गौरव गोगोई ने कहा कि प्रधानमंत्री के आंकड़े गलत हैं। उन्होंने दावा किया कि कांग्रेस सरकार के दौरान बीजेपी से ज्यादा घुसपैठियों को डिपोर्ट किया गया। अगर असम विधानसभा चुनाव की बात करे तो मालूम हो कि असम की इकलौती हिल स्टेशन सीट हाफलोंग पर इस बार विधानसभा चुनाव में सियासी लड़ाई बेहद दिलचस्प नजर आ रही है। यूं तो यहां से चार दलों के उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन जमीनी हालात बताते हैं कि इस विधानसभा सीट पर असल मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और एनपीपी के बीच सिमटता जा रहा है। नेतृत्व के चयन, दलध्बदल की आहट और पहचान से जुड़े संवेदनशील मुद्दों ने इस सीट को चुनावी मौसम की सबसे ज्यादा चर्चित और नजर रखी जाने वाली सीटों में शामिल कर दिया है। असम चुनाव की हाफलोंग विधानसभा सीट पर इस बार एएसडीसी, भाजपाा, कांग्रेस और एनपीपी के उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि चुनावी मुकाबला मुख्य रूप से भाजपा, कांग्रेस और एनपीपी के बीच ही रहने वाला है। कुल मिलाकर तीनों दलों ने ऐसे चेहरे उतारे हैं जिनकी अपनीध्अपनी राजनीतिक पकड़, सामाजिक स्वीकार्यता और





अलग चुनावी रणनीति है, जिससे सीट पर मुकाबला बेहद रोचक बन गया है। भाजपा ने इस सीट से रूपाली लंगथासा को उम्मीदवार बनाया है, जो फिलहाल डिमा हसाओ ऑटोनॉमस काउंसिल की सदस्य हैं। गौर करने वाली बात ये है कि उनकी उम्मीदवारी इसलिए भी चर्चा में है क्योंकि पार्टी ने मौजूदा कैबिनेट मंत्री नंदिता गोरलोसा को टिकट नहीं दिया। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि रूपाली लंगथासा एक फ्रेश और युवा चेहरा जरूर हैं, लेकिन अभी तक पूरे विधानसभा क्षेत्र में उनकी मजबूत जनाधार वाली पकड़ बनती नहीं दिख रही है, जो भाजपा के लिए चुनौती बन सकती है। असम में चुनाव से पहले बड़ा सियासी मोड़ तब आया, जब कांग्रेस ने नंदिता गोरलोसा को हाफलोंग से उम्मीदवार बनाया। नंदिता गोरलोसा इससे पहले डिमा हसाओ ऑटोनॉमस काउंसिल की सदस्य रह चुकी हैं और कैबिनेट मंत्री के तौर पर भी काम कर चुकी हैं। उनकी पहचान एक मजबूत जमीनी नेता के रूप में जरूर है और उनका शैक्षणिक बैकग्राउंड भी उन्हें बाकियों से अलग बनाता है। राजनीतिक हलकों में उन्हें एक मजबूत और प्रभावशाली उम्मीदवार माना जा रहा है। नेशनल पीपुल्स पार्टी ने इस सीट से डैनियल लंगथासा को मैदान में उतारा है। डैनियल लंगथासा डिमा हसाओ में भूमि अधिकारों से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाने के लिए जाने जाते हैं। स्वदेशी जमीन की सुरक्षा को लेकर उनकी मुखर भूमिका ने खासकर युवाओं और जमीनी कार्यकर्ताओं के बीच उन्हें खास पहचान दिलाई है। डैनियल लंगथासा और उनकी पत्नी सोशल मीडिया इन्लुएंसर भी हैं, जिससे उनकी पहुंच और राजनीतिक संदेश का दायरा और बढ़ा है। जिले की राजनीतिक तस्वीर तेजी से बदल रही है। जहां जमीनी स्तर पर यह चर्चा है कि भाजपा के कई कार्यकर्ता और स्थानीय नेता कांग्रेस और एनपीपी की ओर रुख कर रहे हैं। ऐसे में अगर यह रुझान आगे भी जारी रहता है तो इसका असर भाजपा की संगठनात्मक मजबूती पर पड़ सकता है। वहीं बूथ स्तर पर पकड़ कमजोर होना किसी भी करीबी मुकाबले में निर्णायक साबित हो सकता है। हाफलोंग की राजनीति को और जटिल बनाते हुए हाल ही में असम के मुख्यमंत्री के उस बयान ने बहस छेड़ दी है, जिसमें चुनाव के बाद डिमा हसाओ को दो जिलों में बांटने की संभावना जताई गई। डिमासा स्टूडेंट्स यूनियन ने इस प्रस्ताव का कड़ा विरोध किया है और आरोप लगाया है कि इससे सांप्रदायिक आधार पर विभाजन हो सकता है। यह मुद्दा तेजी से राजनीतिक विमर्श के केंद्र में आ गया है। गैरघडिमासा समुदायों की ओर से अलग जिले की मांग 2010 से चली आ रही है, जब नॉर्थ कछार हिल्स जिले का नाम बदलकर डिमा हसाओ किया गया था। हकीकत में यह मुद्दा लंबे समय से संवेदनशील बना हुआ है और चुनाव के नजदीक आते ही फिर से जोर पकड़ रहा है। ऐसा माना जा रहा है कि यह बहस मतदाताओं की सोच और मतदान व्यवहार को प्रभावित कर सकती है। नेतृत्व की विश्वसनीयता, पार्टी के भीतर उठापटक, जमीनी स्तर पर बदलती निष्ठाएं और पहचान से जुड़े मुद्दों के चलते हाफलोंग सीट इस बार असम चुनाव की सबसे अहम और चर्चित सीटों में शामिल हो गई है। जैसेघ्जैसे मतदान नजदीक आएगा, यह सीट असम की सियासत की दिशा तय करने वाले संकेत भी दे सकती है।

# एआई 171 विमान दुर्घटना : सच के साथ न हो समझौता

एस रघोत्तम

जून 2025 में अहमदाबाद में हुए एयर इंडिया 171(एआई 171) विमान हादसे की स्वतंत्र, कोर्ट की निगरानी में जांच की मांग सुप्रीम कोर्ट में अटकी हुई है क्योंकि भारत के सॉलिसिटर जनरल, तुषार मेहता के एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट्स इन्वेस्टिगेशन बोर्ड (एएआईबी) की जांच पर एक प्रोग्रेस रिपोर्ट जमा करने का कोर्ट इंतजार कर रहा है। 11 फरवरी को मेहता ने अगली सुनवाई में रिपोर्ट जमा करने का वादा किया था, जिसके बाद कोर्ट ने 24 मार्च की तारीख दी थी। कोर्ट और देश अभी भी इसका इंतजार कर रहे हैं। क्या सरकार जान–बूझकर देरी कर रही है, जब तक कि वह एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट सार्वजनिक न कर दे और इस तरह ऐसी स्थिति न बना दे कि स्वतंत्र जांच की मांग बेमानी हो जाए? दिलचस्प यह है कि सॉलिसिटर जनरल के आश्वासन से एक दिन पहले एविएशन में विशेषज्ञता रखने वाले पत्रकार लियोनार्ड बर्बेरी की एक दिलचस्प रिपोर्ट इटली के अखबार श्कोरिएरे डेला सेराश में छपी थी। क्रैश के बाद से बर्बेरी ने श्अनाम पश्चिमी सूत्रोंश का हवाला देते हुए लगातार कई खबरें चलाई हैं जिनमें एक ही बात पर जोर दिया गया है– यह क्रैश पायलट की जान–बूझकर की गई कार्रवाई का नतीजा था। बर्बेरी की 10 फरवरी की रिपोर्ट का दावा था कि एएआईबी को दबाव और भारत की एयरलाइंस की सुरक्षा के स्तर के फिर से मूल्यांकन की श्पश्चिमीश धमकियों के चलते उसी राय पर आने के लिए मजबूर होना पड़ा था जिसे उनके सूत्रों के अनुसार श्वांछित मोड़श कहा गया था। बर्बेरी के सूत्रों ने उन्हें बताया कि यह निष्कर्ष भारत में उच्चतम स्तर पर श्राजनीतिक मूल्यांकनश के अधीन होगा। खबरों के मुताबिक एएआईबी अधिकारियों ने अपने अमेरिकी समकक्षों के साथ इस बात पर भी चर्चा की थी कि अंतिम रिपोर्ट को इस तरह कैसे लिखा जाए कि उससे राष्ट्रीय विवाद न खड़े हों। वॉल स्ट्रीट जर्नल में पहले लीक हुई खबरों के साथ मिलाकर देखें तो साफ है कि यह जांच कभी भी सिर्फ यह पता लगाने के बारे में नहीं थी कि एआई 171 के साथ क्या हुआ था। यह अब भारत और अमेरिका के बीच भू–राजनीतिक सत्ता संघर्ष का एक हिस्सा बन गई है। एएआईबी की जुलाई 2025 की शुरुआती रिपोर्ट में इस तनाव की झलक साफ दिख रही थी। इसमें एआई 171 क्रैश की पूरी घटना का क्रम बताया गया था– टेक–ऑफ के तीन सेकंड बाद दोनों फ्यूल स्विच एक–दूसरे के एक सेकंड के अंदर ही रन से कट–ऑफ मोड में चले गए जिससे इंजनों को फ्यूल मिलना बंद हो गया और विमान क्रैश हो गया। इसके बाद रिपोर्ट में बातचीत का एक दिलचस्प हिस्सा भी शामिल किया गया जिसमें एक पायलट दूसरे से पूछता है–तुमने फ्यूल क्यों काटा? और दूसरा जवाब देता है–मैंने ऐसा नहीं किया। रिपोर्ट में फ्य्यूल स्विच के बारे में 2018 की अमेरिकी फेडरल एविएशन एडमिनिस्ट्रेशन एडवाइजरी का भी जिक्र किया गया था जिससे संकेत मिलता था कि इन स्विच में पहले से ही एक जानी–पहचानी, अनसुलझी समस्या मौजूद थी। यह जान–बूझकर किया गया हो या नहीं, पर नतीजा यह हुआ कि सबका ध्यान फ्यूल स्विच और पायलटों के कामों पर चला गया। साथ ही इतना शक भी पैदा कर दिया गया कि किसी ठोस नतीजे पर पहुंचना मुमकिन न हो सके। बोइंग के कई व्हिसलब्लोअर्स ने कांग्रेस की गवाही और कोर्ट में दायर दस्तावेजों में बोइंग 787 विमानों में कई मैन्युफैक्चरिंग खामियों का खुलासा किया है। ये खामियां खास तौर पर शुरुआती बैचों में थीं, जिनमें से एक विमान वीटी–एएनबी (विमान एआई171) एयर इंडिया को मिला था। इन खामियों में स्ट्रक्चरल गैप, जबरदस्ती फिट करने वाली असेंबली के तरीके और टॉयलेट से रिसकर इलेक्ट्रिकल बे में जाने वाला पानी शामिल है। इसके अलावा बोइंग 787 से जुड़ी घटनाओं का भी एक इतिहास रहा है, बैटरी में आग लगना, कंट्रोल फेल होना, बिजली की खराबी, ईंधन का रिसाव, बिना किसी निर्देश के आरएटी (रैम एयर टर्बाईन) का खुल जाना, सिस्टम का अपने आप एक्टिवेट हो जाना (जिसमें टीसीएमए भी शामिल है) और यहां तक कि ईंध ान स्विच से जुड़ी समस्याएं भी। जनवरी में बोइंग के पूर्व मैनेजर और फाउंडेशन फॉर एविएशन सेफ्टी के संस्थापक एड पियर्सन ने यूएस सीनेट कमेटी को वीटी–एएनबी के फॉल्ट लॉग और मेंटेनेंस हिस्ट्री पर एक स्टडी सौंपी। इससे पता चला कि विमान में पहले दिन से ही इलेक्ट्रॉनिक्स और सॉफ्टवेयर में खराबी, सर्किट ब्रेकर ट्रिप, वायरिंग में नुकसान, शॉर्ट सर्किट, पावर में उतार–चढ़ाव और ओवरहीटिंग जैसी दिक्कतें थीं। 2022 में उड़ान के दौरान आग लगने से इसका एक पावर डिस्ट्रीब्यूशन पैनल पूरी तरह जल गया था। पत्रकार रचेल चित्रा की खोजी रिपोर्टिंग से सामने आया कि क्रैश से 72 घंटे पहले विमान में अनेक तकनीकी खराबियों की शिकायतें मिली थीं। इनमें क्रैश वाले दिन अहमदाबाद में सेंसर में खराबी के कारण हुई श्हार्ड लैंडिंग की घटना भी शामिल थी। एएआईबी की शुरुआती रिपोर्ट में जिक्र है कि विमान चार एक्टिव फॉल्ट के साथ उड़ान भर रहा था जिसमें कोर नेटवर्क डिग्रेडेशनश (मुख्य नेटवर्क में खराबी) भी शामिल था। सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करने वाले सेफ्टी मैटर्स फाउंडेशन के कैप्टन अमित सिंह ने अपनी जनहित याचिका में खुलासा किया कि उड़ान भरने से ठीक 15 मिनट पहले विमान की दोनों बस पावर कंट्रोल यूनिट्स में खराबी की शिकायत मिली थी। इसके बावजूद विमान को उड़ान की अनुमति दी गई। सभी पक्षों की ओर से बोइंग के लिए, जो अभी भी बोइंग 737 मैक्स संकट से उबरने के लिए संघर्ष कर रहा है, किसी और प्रणालीगत विफलता का पता चलना विनाशकारी हो सकता है। परिणाम जो हो, एयर इंडिया को नुकसान तो होगा ही– चाहे दुर्घटना प्रणालीगत और रखरखाव की कमियों के कारण हुई हो या पायलट की गलती से। भू–राजनीतिक दृष्टि से बोइंग के खिलाफ कोई भी निष्कर्ष भारत–अमेरिका संबंधों में तनाव पैदा कर सकता है जो पहले से ही एक नाजुक दौर से गुजर रहे हैं। भारत को डोनाल्ड ट्रम्प से भी निपटना होगा जो खुद को बोइंग का श्सबसे अच्छा सेल्समैनश कहते हैं और जिन्होंने अपने व्यापार समझौतों की बातचीत का इस्तेमाल करके दूसरे देशों को बोइंग खरीदने के लिए मजबूर किया है। लोग खुद ही इस बात पर अपनी राय बनाएंगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिकी दबाव का सामना किया या झुक गए। पूरी दुनिया देख रही है कि क्या भारत अपने हितों की रक्षा और अपने नागरिकों के लिए न्याय सुनिश्चित करने में सक्षम है? इसलिए एआई171 मामले में सच्चाई का सामने आना भारत के राष्ट्रीय हित में है। भारत का यह दायित्व उन 260 लोगों और उनके परिवारों के प्रति भी है जिनकी हादसे में मृत्यु हो गई।

## छत से गिरकर युवती घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम जलालपुर में शनिवार की दोपहर छत से गिरकर 18 वर्षीय युवती घायल हो गयी। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार जलालजपुर गांव निवासी राजेश कुमार पाल की पुत्री अंकिता पाल छत पर किसी काम से गयी थी। तभी अचानक पैर फिसल जाने से नीचे गिरकर घायल हो गयी। इसकी जानकारी जब परिजनों को हुयी तो उसे तत्काल सरकारी एम्बुलेंस द्वारा उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

## लकड़ी काटने का विरोध करने पर भाई को किया लहूलुहान

न्यूज वाणी ब्यूरो / फतेहपुर। ललौली थाना क्षेत्र के ग्राम कोण्डार लोहारान गढवा में खेत में लकड़ी काट रहे 47 वर्षीय युवक को भाई व उसके परिजनों ने मिलकर लाठी डन्डा व धारदार हथियार मार कर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार कोण्डार गढवा गांव निवासी मेवालाल का पुत्र सत्यनारायन को उसका भाई शिवहरी ने अपनी पत्नी गीता देवी पुत्री प्रीती व पुत्र पुष्पराज के साथ मिलकर लाठी डंडा व धारदार हथियार मारकर घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान घायल ने बताया कि उसकी पुत्री सलोनी की शादी सात मई को होना है। जिस पर वह खेत में ही खुद के बबूल के पेड़ की लकडी काट रहा था। तभी उसका भाई अपने परिवार सहित आया और लकड़ी काटने से मना किया। विरोध करने पर उसके भाई ने उस पर जानलेवा हमला किया।

# ग्राम पंचायत बेलहनी ने पेश किया विकास का मॉडल

## – लगातार दूसरे वर्ष मिला मुख्यमंत्री पुरस्कार

न्यूज वाणी ब्यूरो



लालगंज, रायबरेली। ब्लॉक की मुस्तफाबाद बेलहनी ग्राम पंचायत को उत्.ष्ट विकास कार्यो के लिए लगातार दूसरे वर्ष मुख्यमंत्री पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पुरस्कार के तौर पर मिली 20 लाख रुपये की धनराशि भी शासन से प्राप्त हो चुकी है। ग्राम प्रधान अखिलेश यादव के सक्रिय नेतृत्व क्षमता के कारण ग्राम पंचायत की प्रादेशिक पटल पर पहचान बनी। ग्राम पंचायत द्वारा कई विशेष उपलब्धिया हासिल की गई हैं एवं मुख्यमंत्री पुरस्कार,मॉडल युवा ग्राम सभा पुरस्कार, यशस्वी प्रधान पुरस्कार सहित अनेकों पुरस्कार प्राप्त हुए हैं। ग्राम पंचायत में स्मार्ट सचिवालय, प्राथमिक विद्यालय में स्मार्ट क्लासेज, अंत्येष्टि स्थल, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी पार्क, आरआरसी सेंटर, सीएससी भवन, खेल मैदान जैसी महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुविधाएं पंचायत के समग्र विकास को गति दे रही हैं। प्रधान अखिलेश यादव का कहना है कि ग्राम पंचायत के सभी लोगो के सहयोग से सच्चे मन और निःस्वार्थ भाव से विकास कार्य कराने का मौका मिला है। गाँव को लगातार आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

# जामुन के पेड़ पर लटका मिला युवक का शव

न्यूज वाणी ब्यूरो



सीतापुर। सदरपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुरवा गांव में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब शनिवार सुबह एक 22 वर्षीय युवक का शव पेड़ से लटका पाया गया। मृतक की पहचान संतोष उर्फ टम्पू (पुत्र रमेश) के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे इलाके में दहशत और शोक का माहौल है। संतोष का शव गांव के दक्षिण में स्थित कुट्टी के पास एक जामुन के पेड़ से शर्ट के फंदे के सहारे लटका हुआ मिला। ग्रामीणों ने दी सूचनारू सुबह खेतों की ओर जा रहे ग्रामीणों ने जब यह मंजर देखा, तो मौके पर भारी भीड़ जुट गई। तत्काल पुलिस को इसकी जानकारी दी गई। सदरपुर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस प्राथमिक तौर पर इसे आत्महत्या मान रही है। परिजनों का बुरा हाल, मौत की गुत्थी उलझी परिजनों के मुताबिक संतोष शुक्रवार रात घर पर ही था और वह किसी मानसिक तनाव में नहीं दिख रहा था। सुबह अचानक उसकी मौत की खबर से परिवार टूट गया है। गांव में इस घटना को लेकर तरह–तरह की चर्चाएं हो रही हैं। पुलिस का बयानरू शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह स्पष्ट हो पाएगी। फिलहाल मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है।

# निजी अस्पताल की लापरवाही ने ली गर्भवती की जान

## – सफाई के दौरान पेट में घोंपा औजार, प्रशासन ने अस्पताल किया सील

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया–सीधौली (सीतापुर)। स्वास्थ्य व्यवस्थाओं और निजी डॉक्टरों की संवेदनहीनता ने एक बार फिर एक हंसते–खेलते परिवार को उजाड़ दिया है। सिधौली के एक निजी अस्पताल में गर्भ की सफाई के दौरान बरती गई घोर लापरवाही के कारण 25 वर्षीय मानसी शुक्ला की दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि डॉक्टर ने सफाई के दौरान पेट में सर्जिकल औजार मार दिया, जिससे पूरे शरीर में इंफेक्शन फैल गया। पीड़ित विवेक शुक्ला और उनकी बहन किरन के अनुसार, पूरी घटना इस प्रकार रही 28 मार्च 4 माह की गर्भवती मानसी की तबीयत बिगड़ने पर उसे सीएचसी सिधौली ले जाया



गया, जहाँ से एक आशा बहू के बहकावे में आकर उसे डाक बंगला स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल के डॉक्टर ने कहा कि बच्चा नीचे आ गया है और तुरंत गर्भपात (अबॉर्शन) करना होगा, वरना जान को खतरा है। ऑपरेशन के बाद मानसी को छुट्टी दे दी गई, लेकिन उसका दर्द कम नहीं हुआ। 31 मार्च को जब दर्द बढ़ने पर दोबारा अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टर ने अपनी गलती छिपाने के लिए परिजनों को वहां से धक्के देकर बाहर निकाल दिया। गंभीर हालत में मानसी को लखनऊ के ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया। वहां के डॉक्टरों ने बताया कि गर्भ की सफाई के दौरान पेट में औजार लगने से गहरा घाव हुआ और पूरे शरीर में जहर (इंफेक्शन) फैल चुका था, जिसके कारण उनकी मृत्यु हो गई। पीड़ित परिवार की तहरीर और जिलाधिकारी के कड़े आदेश के बाद स्वास्थ्य विभाग हरकत में आया है। उप जिलाधिकारी और सीएचसी अधीक्षक की संयुक्त टीम ने पीड़ित परिवार के घर पहुँचकर लिखित बयान दर्ज किए हैं। जांच टीम ने तत्काल प्रभाव से संबंधित प्राइवेट अस्पताल को सील कर दिया है। अधिकारियों का कहना है कि साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और दोषी डॉक्टर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मृतका की ननंद ने कहा कि डॉक्टर की लापरवाही ने मेरी भाभी को हमसे छीन लिया। हम न्याय चाहते हैं ताकि किसी और के साथ ऐसा न हो।

# मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को किया जागरूक

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। मिशन शक्ति अभियान फेज–5 के द्वितीय चरण के अंतर्गत पुलिस द्वारा थाना वैदपुरा क्षेत्र के ग्राम रजमऊ प्राथमिक विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं अन्य उपस्थित लोगों को नारी सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान पुलिस टीम ने विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी, जिनमें पुलिस आपातकालीन सेवा 112, स्वास्थ्य सेवा 102 एवं 108, वूमेन पावर लाइन 1090, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, वीमेन हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076 तथा साइबर अपराध हेल्पलाइन 1930 शामिल हैं। कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया। पुलिस टीम ने बताया कि किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ ओटीपी साझा न करें और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से बचें। साथ ही ऑनलाइन लेन–देन और सोशल मीडिया का उपयोग करते समय सतर्कता बरतने की सलाह दी गई। अंत में उपस्थित महिलाओं को जागरूकता पम्पलेट वितरित कर सुरक्षा उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई। इटावा पुलिस द्वारा महिला सुरक्षा एवं जनजागरूकता के लिए इस प्रकार के अभियान लगातार चलाए जा रहे हैं।

# खेलो इंडिया योजना पर उठे सवाल

## - भभुआ में खेल सुविधाओं की बदहाली के आरोप

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। जिले के भभुआ में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी खेलो इंडिया योजना के क्रियान्वयन को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि जिले में विकसित की गई खेल संरचनाएं घटिया निर्माण, अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई हैं, जिससे खिलाड़ियों को अपेक्षित सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं। मौजूद जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि विभिन्न प्रखंडों में बनाए गए खेल मैदानों और कोर्ट की गुणवत्ता बेहद खराब है। कई स्थानों पर स्थिति ऐसी है कि खिलाड़ी अभ्यास करना तो दूर, सामान्य रूप से खेल भी नहीं सकते। वॉलीबॉल और बास्केटबॉल कोर्ट को सब–स्टैंडर्ड बताते हुए इसे केवल कागजी प्रक्रिया तक सीमित बताया गया। स्थान चयन और निर्माण पर उठे सवाल वक्ताओं ने आरोप लगाया कि योजनाओं के क्रियान्वयन में मनमानी की गई है। महुआ क्षेत्र के लिए स्वी.त जिम को अन्य स्थान पर स्थापित कर दिया गया, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को लाभ नहीं मिल रहा है। मांग की गई कि इसे खिलाड़ियों की सुविधा के अनुसार उपयुक्त स्थान




पर स्थानांतरित किया जाए। खेल सामग्री खरीद में अनियमितता का आरोप प्रेस वार्ता में यह भी कहा गया कि स्कूलों में खेल सामग्री की खरीद में पारदर्शिता नहीं है। हाई स्कूलों के लिए 25000 और मध्य विद्यालयों के लिए 10000 की राशि आवंटित होने के बावजूद सामग्री की गुणवत्ता खराब बताई जा रही है। इसे कमीशनखोरी से जोड़ते हुए जांच की मांग की गई। अधूरे और मानकविहीन कार्य नुआंव और रामगढ़ प्रखंड में बन रहे मिनी स्टेडियमों के कार्य को मानकों के विपरीत बताया गया, जबकि कुछ स्थानों पर निर्माण कार्य अधूरा है। वहीं, दुर्गावती क्षेत्र में प्रस्तावित स्टेडियम का कार्य शुरू नहीं होने पर भी सवाल उठाए गए। कुछ खेल मैदानों की घेराबंदी भी जर्जर स्थिति में बताई गई। मांग की गई कि खेल संरचनाओं की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई अतिक्रमित खेल मैदानों को खाली कराया जाए, खेल परियोजनाओं की गुणवत्ता में सुधार खेल सामग्री खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी बनाया जाए, खिलाड़ियों के भविष्य पर चिंता वक्ताओं ने कहा कि यदि जल्द सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो जिले के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों का भविष्य प्रभावित हो सकता है। इस मौके पर चौनपुर विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बृजकिशोर बिंद, भभुआ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बिरेंद्र कुशवाहा, रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अजीत सिंह, राजद जिला अध्यक्ष अकलू राम सहित बबन लाल श्रीवास्तव, आशिफ मुन्ना खान, संतोष सिंह, इस्लाम अंसारी, अवधेश कुशवाहा, ललन यादव, जगनरायण यादव, सिदेश्वर कुशवाहा, मुन्ना सिंह, मुकेश पटेल, सलमान खान, अशोक यादव कैमूरी, रामदुलार यादव, धनंजय यादव, सुभाष यादव, श्यामनारायण तिवारी, रोहित तिवारी, हैदर अली, भरत यादव, सत्येंद्र यादव समेत बड़ी संख्या में राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महाराजा छीता पासी किले को बचाने के लिए सड़कों पर उतरा जनसैलाब

## - आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट ने फूंका आंदोलन का बिगुल

## - सरकार और विपक्षी दलों पर साधा निशाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

सीतापुर। उत्तर प्रदेश के ऐतिहासिक गौरव और महाराजा छीता पासी की विरासत पर मंडरा रहे खतरे को लेकर आज सड़कें नारों से गूँज उठीं। महाराजा छीता पासी किले को तोड़ने की कथित सरकारी साजिश के खिलाफ आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ताओं और स्थानीय नागरिकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने जिला प्रशासन के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपते हुए स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि किले के अस्तित्व के साथ छेड़छाड़ हुई, तो यह आंदोलन पूरे प्रदेश में फैलेगा। विरोध सभा को संबोधित करते हुए आल इंडिया पीपुल्स फ्रंट की जिलाध्यक्ष सुनीला रावत ने सत्ताधारी और विपक्षी दलों पर दोहरा चरित्र अपनाने का आरोप लगाया। उन्होंने बेहद तल्ख लहजे में कहारू ष्बड़े दुर्भाग्य की बात है कि जो नेता चुनाव के समय पासी समाज के वोट बटोरने के लिए महाराजा छीता पासी की जयंती पर मंचों से जय–जयकार करते नहीं थकते, आज वही नेता किले को बचाने के सवाल पर मुँह फेर कर बैठे हैं। सरकार को यह साजिश बंद करनी होगी, वरना जनता उन्हें सबक सिखाएगी। शिव प्रकाश सिंह किसान नेता शिव प्रकाश सिंह ने इस मुद्दे को पासी समाज के स्वाभिमान से जोड़ते हुए कहा कि सरकार जानबूझकर पिछड़ों और दलितों के गौरवशाली इतिहास को मिटाना चाहती है। उन्होंने कहा कि महाराजा छीता पासी का किला केवल ईंट–पत्थरों की दीवार नहीं है, बल्कि यह पासी समाज की वीरता का प्रतीक है। सरकार की हर उस दमनकारी नीति का विरोध किया जाएगा जो हमारे पूर्वजों के स्मारकों को नुकसान पहुँचाएगी। सपा–भाजपा को घेरा सभा में मौजूद रोशनी गुप्त ने राजनैतिक दलों के मौन पर सवाल उठाते हुए कहा कि सपा और भाजपा दोनों ही पासी वोटों की राजनीति करते हैं, लेकिन जब किले को तोड़ने का सरकारी नोटिस जारी हुआ, तो दोनों ही दल श्मौन व्रतश धारण किए हुए हैं। उन्होंने इसे एक सोची–समझी साजिश करार देते हुए कहा कि इस साजिशपूर्ण चुप्पी का भंडाफोड़ जनता के बीच जाकर किया जाएगा। घेराबंदी




और संकल्प प्रदर्शन के अंत में बड़ी संख्या में उपस्थित लोगों ने एक सुर में महाराजा छीता पासी किले की सुरक्षा करने की कसम खाई। कार्यकर्ताओं ने सांकेतिक रूप से एकजुट होकर किले को बचाने का संकल्प लिया और कहा कि प्रशासन का बुलडोजर चलने से पहले उन्हें जनता के प्रतिरोध का सामना करना पड़ेगा। महाराजा छीता पासी किले को तोड़ने का नोटिस तुरंत वापस लिया जाए। किले को संरक्षित घोषित कर उसका सौंदर्यीकरण कराया जाए। ऐतिहासिक धरोहरों के साथ छेड़छाड़ करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई हो। इस प्रदर्शन ने साफ कर दिया है कि आने वाले दिनों में यह मुद्दा सीतापुर की राजनीति में एक नया मोड़ ले सकता है। फिलहाल, प्रशासन ने ज्ञापन स्वीकार कर मामले की समीक्षा का आश्वासन दिया है, लेकिन आंदोलनकारियों का कहना है कि जब तक लिखित आश्वासन नहीं मिलता, संघर्ष जारी रहेगा।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं पीड़ितों की समस्याएं

## - शिकायतों का गुणवत्तापरक, समयबद्ध निस्तारण करें अफसर : दुर्गा शक्ति

न्यूज वाणी ब्यूरो

लखीमपुर खीरी। आमजन की



समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए शनिवार को डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में तहसील पलिया में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस अवसर पर डीएम ने एसपी डॉ ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार, एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने आये हुए फरियादियों के समस्याओं की गम्भीरतापूर्वक सुनवाई करते हुए सम्बन्धित अधिकारियों को मौके पर जाकर जनशिकायतों की निष्पक्ष जाँच करके समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए। डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का निस्तारण करते हुए गरीब व पीड़ित व्यक्तियों को तत्काल न्याय दिलाते हुए उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शासकीय योजनाओं से आच्छादित कर मुख्यमंत्री के निर्देशों को अमलीजामा पहनाया जाय। डीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिया है कि जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, जरूरतमन्द तथा असहाय लोगों की हर संभव मदद की जाय तथा उन्हें उनकी पात्रतानुसार लाभान्वित भी किया जाय। आम जनता की शिकायतों, आवेदनों के समयबद्ध और संतुष्टिपरक समाधान के लिए शिकायतकर्ता से स्वयं बात करें। पीड़ित/परेशान व्यक्ति की मनोदशा को समझें, उसकी भावना का सम्मान करें और पूरी संवेदनशीलता के साथ उसकी समस्या का समाधान किया जाए। डीएम ने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है, इसलिए सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तायुक्त ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करे। इस कार्य में किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। भूमि संबंधी मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीमें मौके पर जाकर गुणवत्तापरक निस्तारण करें। डीएम की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजी.त किये, जिसमें 07 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व 43, पुलिस 09, विकास 03, विद्युत 03, नगर पालिका 02, आपूर्ति 01, अन्य के 07 शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिन्हें पृष्ठाकिंत कर सम्बन्धित अधिकारियों को शीघ्र निस्तारण हेतु उपलब्ध करा दिया गया। इस दौरान एएसपी अमित राय, एसडीएम डॉ अवनीश कुमार सहित सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग, सीडीओ अभिषेक कुमार व एडीएम नरेंद्र बहादुर सिंह ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभार्थियों को लाभान्वित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएम आवास योजना (ग्रामीण) के तहत लाभार्थियों को आवास की चाबियां सौंपी गईं।

# गर्भवती की मौत पर भड़का प्रशासन, किंग हॉस्पिटल सीज

## - जांच के लिए टीम ने डाला डेरा

न्यूज वाणी ब्यूरो

अटरिया, सीतापुर। सिधौली कस्बे से एक दहला देने वाला मामला सामने आया है, जहाँ एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान गर्भवती महिला की मौत हो गई। इस घटना ने स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन को हिलाकर रख दिया है। शनिवार को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए न केवल अस्पताल को बंद कराया, बल्कि मृतका के घर पहुंचकर परिजनों के बयान भी दर्ज किए। शनिवार दोपहर करीब 4.30 बजे प्रशासन की एक भारी–भरकम टीम अटरिया स्थित मृतका मानसी के घर पहुंची। इस टीम में एसीएमओ डॉ. सुक्रती, डिप्टी सीएमओ डॉ. नीरज गोयल, एसडीएम सिधौली राखी वर्मा और सीएचसी अधीक्षक डॉ. आनंद कुमार सिंह जैसे बड़े अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने परिजनों से इलाज की प्रक्रिया और अस्पताल के व्यवहार को लेकर करीब 90 मिनट तक विस्तृत पूछताछ की। मृतका की ननद द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर साक्ष्य जुटाए गए। परिजनों ने आरोप लगाया है कि डॉक्टरों की घोर लापरवाही और समय पर सही इलाज न मिलने के कारण मानसी की जान गई। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसडीएम राखी वर्मा ने तत्काल प्रभाव से किंग हॉस्पिटल को सीज करने के आदेश दिए। अस्पताल के सभी दस्तावेजों और वहां मौजूद चिकित्सा उपकरणों की जांच शुरू कर दी गई है। एसडीएम राखी वर्मा ने कहा कि परिजनों के बयान दर्ज कर लिए गए हैं। जांच पूरी होने तक अस्पताल बंद रहेगा। यदि लापरवाही और अवैध संचालन के प्रमाण मिलते हैं, तो अस्पताल का रजिस्ट्रेशन स्थायी रूप से निरस्त किया जाएगा और संबंधितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज होगा। यह घटना निजी अस्पतालों की कार्यशैली पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े करती है।




मृतका के परिवार का रो–रोकर बुरा हाल है और वे दोषियों को जेल भेजने की मांग पर अड़े हैं। स्वास्थ्य विभाग अब इस बात की पड़ताल कर रहा है कि क्या अस्पताल के पास पर्याप्त विशेषज्ञ डॉक्टर और आपातकालीन सुविधाएं मौजूद थीं या नहीं।

# किसानों को खाद लेने के लिए जबरन नैनो लेने को बना रहे दबाव

न्यूज वाणी ब्यूरो

तम्बौर, सीतापुर। कस्बा तंबौर में रेउसा मोड़ तिरंगा चौराहा स्थित प्रगतिशील किस्म मल्टी स्टेट कारपोरेशन सोसाइटी लिमिटेड के विरुद्ध क्षेत्र के किसान ने सम्पूर्ण तहसील दिवस में जिलाधिकारी को एक शिकायती प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उपरोक्त समिति द्वारा खाद उर्वरक डी0ए0पी0 पर सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य से ज्यादा धनराशि वसूली जा रही है। बताते चलें कि विकास खण्ड बेहटा के किसान/एडवोकेट सर्वेश शुक्ला निवासी ग्राम सहिंजर कला अपने खेतों में बुवाई हेतु उर्वरक खाद डी0ए0पी0 लेने हेतु रेउसा मोड़ स्थिति प्रगतिशील किस्म मल्टी स्टेट कारपोरेशन सोसाइटी लिमिटेड पर लेने गये थे परन्तु वहाँ पर एक बैग डी0ए0पी0 जिसका निर्धारित मूल्य 1350 रु0 के स्थान पर 1380 रुपये का भुगतान लिया गया और साथ नैनो यूरिया तरल 500 मि0ली0 जबरन दी गयी अन्यथा की स्थिति में खाद देने से मना किया गया और उक्त दोनों उर्वरकों का कुल भुगतान 1605 रुपये लिये गए परन्तु उक्त संचालक को सरकार व प्रशासन का थोड़ा सा भी खौफ नही रहा और सारा भुगतान ऑनलाइन लेकर रसीद दे दी । जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग को जाँच कर कार्यवाही के निर्देश दिये और किसान को न्याय का भरोसा दिलाया।

# हमीद सेतु पर भीषण हादसा, ट्रेलर गंगा में समाया, चालक-खलासी लापता

न्यूज वाणी ब्यूरो



गाजीपुर। हमीद सेतु पर आज सुबह तकरीबन तीन बजे के आसपास एक ट्रेलर एक सब्जी लदी हुई पिकअप को धक्का मारते हुए अनियंत्रित होकर गंगा में समाहित हो गई। जिसकी जानकारी के बाद ग्रामीणों के साथ ही पुलिस में हड़कंप मच गया। इसको लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सिटी ने बताया कि हमीद सेतु का जो हिस्सा सुहवल थाना क्षेत्र में पड़ता है वहां पर रात तकरीबन तीन बजे के आसपास एक ट्रेलर पिकअप को धक्का मारते हुए गंगा में समाहित हो गई है और उसमें के ड्राइवर और खलासी जो अभी तक लापता बताए जा रहे हैं। संभावना है कि ट्रक के साथ वह भी डूब गए हैं। वहीं अब ट्रेलर और डूबे हुए लोगों की तलाश के लिए गोताखोर और नाव की मदद लिया जा रहा है और जल्द ही इसमें कार्रवाई करते हुए ट्रेलर के साथ ही यदि ट्रक ड्राइवर और खलासी डूबे होंगे तो उनके शव को निकालने का प्रयास किया जाएगा।

# शिवानगर में बिजली चोरी पर बड़ी कार्रवाई

## – मझ्र्निग रेड में चार उपभोक्ताओं पर केस, कुल आठ किलोवाट लोड पकड़ा

न्यूज वाणी ब्यूरो



इटावा। विद्युत वितरण मंडल के निर्देशन में शनिवार को उपखंड अधिकारी (तृतीय) के नेतृत्व में विजिलेंस टीम द्वारा 33/11 केवी उपकेंद्र फ्रेंड्स कॉलोनी–2 (पचावली) से पोषित क्षेत्र मोहल्ला शिवानगर नई मंडी में मॉर्निंग रेड अभियान चलाया गया। इस दौरान स्मार्ट मीटर से छेड़छाड़ कर अवैध कनेक्शन के माध्यम से बिजली चोरी की जांच की गई। जांच के दौरान चार उपभोक्ताओं द्वारा अपने परिसर में अतिरिक्त केबल के जरिए विद्युत चोरी करते हुए पाए गए। मौके पर वीडियोग्राफी कर सभी के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम 2005 की धारा 135 के अंतर्गत कार्रवाई की गई। कार्रवाई के अंतर्गत पकड़े गए उपभोक्ताओं में शकुंतला देवी, अंकित पुत्र विनोद, धूपश्री पत्नी देवेंद्र और सोनिया पत्नी संजय शामिल हैं। सभी के यहां घरेलू कनेक्शन पर 2–2 किलोवाट भार दर्ज किया गया। इस प्रकार कुल 8 किलोवाट का अवैध लोड पकड़ा गया। विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिजली चोरी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# कुदरा में टोल-पार्किंग के नाम पर अवैध वसूली का आरोप

## - एसडीएम ने जांच का दिया आश्वासन

न्यूज वाणी ब्यूरो

कैमूर। कुदरा नगर पंचायत क्षेत्र में टोल एवं पार्किंग शुल्क के नाम पर कथित अवैध वसूली का मामला सामने आया है। आरोप है कि बिना वैध बंदोबस्ती के ही वाहन चालकों से शुल्क लिया जा रहा है, जिससे आम लोगों में नाराजगी है। हैरानी की बात यह है कि वसूली के दौरान वाहन चालकों को पर्ची (रसीद) भी दी जा रही है। इन पर्चियों पर वित्तीय वर्ष 2026–27 के लिए टोल एवं पार्किंग वसूली का उल्लेख है और नगर पंचायत कार्यालय की मुहर भी लगी बताई जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक इस वर्ष के लिए आधिकारिक बंदोबस्ती प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। नगर पंचायत में सैरात (राजस्व स्रोत) की बंदोबस्ती को लेकर प्रशासन और इच्छुक बोलिदाताओं के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण प्रक्रिया अधूरी रह गई है। पूर्व में 23 मार्च को बंदोबस्ती की तिथि तय की गई थी, जिसे बाद में 24 और 25 मार्च तक बढ़ाया गया, लेकिन फिर भी प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई। प्रशासन का कहना है कि सड़क, नाले या उनके किनारे अतिक्रमण कर दुकान लगाने वाले या वाहन खड़ा करने वालों से शुल्क नहीं लिया जाना चाहिए। वहीं, बंदोबस्ती लेने पहुंचे कुछ लोगों का तर्क है कि क्षेत्र में हाट, बाजार या पार्किंग के लिए कोई निर्धारित स्थान नहीं है, जिससे अधिकांश गतिविधियां अतिक्रमित जगहों पर ही संचालित होती हैं। इसी बीच, नगर पंचायत प्रशासन ने सैरात की बंदोबस्ती के लिए अब 10 अप्रैल 2026 की नई तिथि निर्धारित की है। इस मामले पर मोहनिया अनुमंडल की एसडीएम ने कहा कि यह मामला उनके संज्ञान में आया है और इसकी जांच कराई जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जांच में यदि किसी प्रकार की गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित लोगों के खिलाफ विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

फतेहपुर के डा. जमाल चश्में वालों की मशहूर दुकान
फैसल चश्में वाले
(साइन्टिफिक आप्टीशियन)
किशनपुर रोड, चौड़ा खेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे पहुंच गई है।
(जापानी कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जाँच)
हमारे यहाँ पर आखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनायें जाते है।
नोट- सरदर्द, आँखों में दर्द, मोतिया बिन्द, समलबाई, धुन्ध, आपरेशन आँख दूर व पास के अक्षर साफ न दिखाई देने पर साइन्टिफिक आप्टीशियन द्वारा आँखों की जाँच करके नज़र व धूप के चश्में बनाये जाते है व साफट कान्टेक्ट लेन्स लगायें जाते है एवं कान की मशीन भी उपलब्ध है।
नोट- मोतिया बिन्द के आपरेशन व आँखों के अन्य आपरेशनों के साथ-साथ लैसिक द्वारा चश्मा हटवाने के लिए सम्पर्क करें। आँख के अन्दर (I.O.L.) लेन्स लगवाने के 21 दिन बाद अवश्य चश्मा लगवा लें वरना रोशनी कम होने का खतरा बना रहता है।
फैसल चश्में वाले
किशनपुर रोड, चौड़ाखेर गली के अन्दर, शिब्बू मोबाइल के बगल में, मस्जिद के नीचे, खागा-फतेहपुर
डा. जमाल अहमद
जी.टी. रोड, फतेहपुर
MBBS. (H) P.M.P
हाजी ख़लीक़ अहमद जाफरी
सम्पादक कारवाने हक
9415065213
एफ.ए.जाफरी
D.R. (Opt.)
7379440876

# बहन को बेंचकर हरियाणा में विवाह कराने वाला भाई गिरफ्तार

## – पैसों के लालच में 01 लाख 38 हजार में बेंचकर कराया था दूसरा विवाह

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में बाल भिक्षावृत्ति, बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह, एवं मानव तस्करी की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में शनिवार को थाना एंटी ह्युमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा बहन को 01 लाख 38 हजार रूपए मे बेचकर व जबरन विवाह कराने वाले अभियुक्त भाई को गिरतार किया गया। गौरलतब हो कि जनपद चित्रकूट की रहने वाली एक पीड़िता द्वारा 22 नवंबर 2025 को थाना एएचटीयू पर दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि 20 नवंबर 2025 को उसकी माता मुन्नी एवं भाई जयनारायण ने उसे जनपद बांदा लाकर जबरन हरियाणा के कृष्ण कुमार पुत्र शिवराम नामक एक अनजान व्यक्ति को 138000 में बेच दिया। उसकी जबरन शादी करा दी जबकि पीड़िता पूर्व से ही शादीशुदा है। पीड़िता द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों एवं प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजी.त कर विवेचना प्रारम्भ की गई। विवेचना के दौरान एकत्र पीड़िता के विस्तृत बयान, भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों, अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम लगातार आरोपितों की तलाश में सक्रिय थी। इसी क्रम में शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने उसके भाई जयनारायण को कालु कुआं रोड़ के पास से गिरतार किया गया है। शेष सह–अभियुक्तों की गिरतारी व घटना से जुड़े मानव तस्करी के पूरे नेटवर्क की कड़ियों की गहनता से जांच की जा रही है। बता दे कि 02 अभियुक्तों को पूर्व में ही जेल भेजा जा चुका है। पकड़ने वाली टीम उ0नि0 अनिल कुमार उपाध्याय, का0 प्रशान्त यादव म0का० पूर्णिमा सेंगर शामिल रहे।



# जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव ने कारागार का किया दौरा

## – विचाराधीन कैदियों की शिकायतों के निस्तारण के लिए जागरूकता शिविर आयोजित

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। शनिवार को जिला कारागार का जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव पूर्णकालिक अर्चना–।। द्वारा औचक निरीक्षण एवं विचाराधीन कैदियों की शिकायतों के निस्तारण विषय पर विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। सचिव द्वारा बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल अपील व अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिया गया। बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। कारागार द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 518 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 452 पुरूष, 24 महिला व 42 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता–चना व चाय, दोपहर का भोजन–रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी–आलू पत्ता गोभी की सब्जी। सायं का भोजन–रोटी, चावल, चना की दाल, सब्जी–आलू, पालक की सब्जी। सचिव द्वारा जेल के बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया गया। उन्होने बीमार बंदियो के संबंध में कारापाल एवं चिकित्सक को उचित निर्देश दिया गया। सचिव ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ–सफाई, मच्छरो के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारापाल एवं रतनजी श्रीवास्तव, भानू प्रताप सिंह व दीपक राय लीगल एड डिफेंस काउन्सिल, गाजीपुर उपस्थित रहे।



# विशाल शादी सम्मेलन आज, जिम्मा उठाएगा बोर्ड

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड जिला यूनिट द्वारा आज रविवार को स्टेशन रोड स्थित नारायण धाम में पांचवें विशाल शादी सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां जोर–शोर से पूरी कर ली गई हैं। इस सम्मेलन में



सामाजिक, राजनीतिक और पत्रकार जगत के कई लोग शामिल होंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हजरत अल्लामा सैय्यद मुहम्मद अशरफ अशरफी जिलानी किछौछा शरीफ रहेंगे। आयोजन दोपहर में जौहर की नमाज के बाद शुरू होगा। संस्था द्वारा लगातार पांचवीं बार आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों की शादी का आयोजन कराया जा रहा है। संस्था के पदाधिकारी मोहम्मद अजीम अशरफ ने बताया कि यह सम्मेलन उन परिवारों के लिए सहारा है, जहां रिश्ते तय होने के बावजूद आर्थिक अभाव के कारण विवाह संभव नहीं हो पाता। उन्होंने बताया कि संस्था इटावा के साथ–साथ जयपुर और सम्भल जैसे शहरों में भी ऐसे शादी सम्मेलनों का आयोजन करती रही है। जिलाध्यक्ष हाजी शेख शकील अहमद ने कहा कि संस्था सामाजिक सेवा के क्षेत्र में लगातार सक्रिय है। शादी सम्मेलन के अलावा मेडिकल कैंप लगाकर गरीबों का मोतियाबिंद ऑपरेशन निःशुल्क कराया जाता है तथा दवा और चश्मा भी मुत वितरित किए जाते हैं। इसके साथ ही संस्था लावारिस शवों का उनके धर्म और परंपरा के अनुसार विधिपूर्वक अंतिम संस्कार भी कराती है, जो एक सराहनीय कार्य है। कार्यक्रम की तैयारियों में हाजी शेख शकील अहमद, मोहम्मद अजीम मोअज्जम, अजीम अशरफी, असलम खान, नाजिम खान, तहसीन, विक्की कठेरिया, अभिषेक आजाद, मोहम्मद आमीन, मेहंदी हसन, साबिर, अजहर फरीदी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। संस्था का उद्देश्य सामाजिक और धार्मिक सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों की मदद करना है। यह शादी सम्मेलन उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसकी शहरभर में सराहना हो रही है।

# जाली नोट छापकर उपयोग करने वाले चार अभियुक्त गिरफ्तार

## – 23 अदद 500 रुपये भारतीय जाली नोट व एक प्रिंटर बरामद

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु की जा रही कार्यवाही के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी महसी पवन कुमार के पर्यवेक्षण में थाना खैरीघाट पुलिस टीम को मिली सफलता, कलर प्रिंटर का इस्तेमाल कर 500–500 के जाली भारतीय नोट छापकर उपयोग करने वाले 04 अभियुक्त गिरतारों को गिरतार कर जाली मुद्रा व प्रिंटर बरामद किया गया। 03/04 अप्रैल की रात्रि को थाना खैरीघाट पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र में रात्रि गश्त की जा रही थी कि इसी दौरान पुलिस टीम को मुखबिर खास से सूचना मिली कि 04 व्यक्ति अवैध जाली करेन्सी नोट लेकर नानपारा इमामगंज की तरफ से बेहड़ा बाजार की तरफ आ रहे हैं। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए रास्ते पर गुजराती पुरवा मोड़ के निकट संदिग्ध प्रतीत हो रहे हरिराम लोध पुत्र स्व0 बाकेलाल निवासी गुलरिहा जगतापुर थाना मोतीपुर, अर्जुन पुत्र हरिराम निवासी गुलरिहा जगतापुर, गुरुचरन सिंह उर्फ विजय उत्तराखण्ड पुत्र शर्मा सिंह निवासी दलराजपुर थाना सिंगाही जिला लखीमपुर खीरी, सकीम उर्फ सूरज उत्तराखण्ड पुत्र अयूब निवासी चईपुरवा थाना सिगाही जिला लखीमपुर खीरी को रोककर पूछताछ व तलाशी ली गयी। तलाशी के दौरान उक्त व्यक्तियों के पास से 500–500 रुपये के कुल 23 जाली नोट (कुल कीमत 11,500 रूपये) व 01 प्रिन्टर बरामद किया गया। जिसके संबंध में कड़ाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा कलर प्रिंटर का उपयोग कर 500 मूल्यवर्ग के जाली भारतीय नोट तैयार करने, जाली नोट को असली नोट के रूप में दुकानों, बाजारों में देकर सामान व रुपये में बदलने तथा अतिरिक्त धन अर्जित करने के उद्देश्य से 01 असली नोट के बदले उसका तीन गुना अधिक जाली नोट देने की बात स्वीकार की गई। बरामदगी के आधार पर चारों अभियुक्तों को गिरतार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 113/2026 धारा–179/181 बी.एन.एस पंजी.त कर विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को बरामद माल के साथ गिरतारशुदा अभियुक्तगण को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।




# मानवता के पथ पर निरंतर अग्रसर फौजदार वर्मा

## - 13 वर्षो बाद बिछड़े बेटे को परिवार से मिलवाकर रचा भावनाओं का इतिहास

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच, बाबागंज। झारखण्ड के एक युवक की कहानी किसी फिल्म से कम नहीं है। 13 साल पहले अपने परिजनों से बिछड़े एक युवक की कहानी जब स्थानीय ग्राम प्रधान एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य फौजदार वर्मा कों लगी तो उन्होंने युवक की टूटती उम्मीद कों थाम लिया। ज्ञात हो कि एक बार फिर अपने उत.ष्ट सामाजिक, व्यवहारिक एवं मानवतावादी कार्यों के चलते क्षेत्र में चर्चा और सम्मान का केंद्र बने हुए हैं। बताते चले 13 वर्षों से बिछड़े मासूम बालक को उसके परिजनों से मिलवाकर इंसानियत की एक ऐसी मिसाल पेश की है, जिसने हर संवेदनशील हृदय को भावुक कर दिया। उक्त बालक कुछ समय से श्री वर्मा के संरक्षण में रह रहा था, जहां उसे अपने सगे पुत्र की तरह स्नेह, ममता और सुरक्षा प्रदान की गई। मानवता के प्रति अपनी गहरी संवेदनशीलता और सेवा भाव के चलते श्री वर्मा ने निरंतर प्रयास करते हुए झारखंड के रांची (जिला) एवं जमशेदपुर तक का लंबा सफर तय किया और अंततः उस बिछड़े बेटे को उसकी माँ की गोद में सौंप दिया। वर्षों बाद जब यह मिलन हुआ, तो मां की आंखों से बहते आंसू, बेटे को सीने से लगाकर उसकी सिसकियां, भाई–बहनों की उमड़ती भावनाएं और पूरे गांव का भावुक वातावरण यह सब कुछ उस क्षण को अविस्मरणीय बना गया। परिजनों ने बताया कि उन्होंने लगभग उम्मीद छोड़ दी थी, लेकिन श्री वर्मा के इस प्रयास ने उनकी जिंदगी में फिर से खुशियों का उजाला भर दिया। यह घटना केवल एक पुनर्मिलन नहीं, बल्कि मानवता, करुणा और सच्ची सेवा का जीवंत उदाहरण है। फौजदार वर्मा का मानना है कि किसी के जीवन में मुस्कान लौटाना ही सबसे बड़ा धर्म और सच्चा पुण्य है और वे इसी सिद्धांत पर निरंतर कार्य करते आ रहे हैं। गौरतलब है कि श्री वर्मा द्वारा समय–समय पर ऐसे अनेक सामाजिक, व्यवहारिक एवं मानवतावादी कार्य किए जाते रहे हैं, जिनसे समाज के हर वर्ग को लाभ मिला है। उनकी संवेदनशीलता, सहज व्यवहार और सेवा भावना ने उन्हें जनता के दिलों में एक विशेष स्थान दिलाया है। आज वे केवल एक जनप्रतिनिधि नहीं, बल्कि मानवता के सच्चे प्रहरी और समाज सेवा के प्रेरणास्रोत के रूप में पहचाने जाते हैं। यह सराहनीय कार्य न केवल क्षेत्र बल्कि व्यापक समाज के लिए भी प्रेरणा का संदेश देता है कि सच्चे प्रयास और नेक नीयत से किसी के जीवन में बदलाव लाया जा सकता है।





# यूपीपीएससी में 14 वीं रैंक हासिल करने पर विनय का हुआ अभिनंदन

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। तकनीकी शिक्षा एवं शोध संस्थान (टेरी), पीजी कालेज के सभागार में शनिवार को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 14वीं स्थान प्राप्त करने के उपलक्ष्य में महाविद्यालय के पूर्व छात्र विनय कुमार उपाध्याय का अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। उन्होंने वर्ष 2023 में एम०एस–सी० (केमिस्ट्री) की शिक्षा पूर्ण की थी। कार्यक्रम का शुभारम्भ संस्थान के प्रबंधक अजीत कुमार सिंह (अपर महाधिवक्ता, उत्तर प्रदेश), प्रो० (डॉ०) राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय प्राचार्य, पी०जी० कॉलेज डॉ० अजीत प्रताप सिंह गौतम निदेशक, टेरी पी०जी० कॉलेज, विनय कुमार उपाध्याय तथा उनके माता–पिता मधु उपाध्याय एवं अरविन्द कुमार उपाध्याय द्वारा बाबू राजेश्वर प्रसाद सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर तथा माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। अपर महाधिवक्ता अजीत कुमार सिंह ने कहा कि 14वीं रैंक प्राप्त करके विनय कुमार उपाध्याय ने न केवल अपने परिवार का, बल्कि अपने महाविद्यालय, अपने क्षेत्र और पूरे समाज का नाम रोशन किया है। यह महाविद्यालय परिवार के शिक्षकों तथा छात्रों की मेहनत का परिणाम है कि आज हमारा महाविद्यालय सर्वोच्च स्थान रखता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि विनय की यह सफलता आप सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह हमें संदेश देती है कि कठिनाइयाँ चाहे जितनी भी हों, यदि हम धैर्य और निरंतर मेहनत के साथ आगे बढ़ते रहें तो सफलता निश्चित रूप से हमारे कदम चूमेगी। हमें उनके जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि निरंतर प्रयास और आत्मविश्वास ही सफलता का माध्यम है प्राचार्य ने अपने उद्बोधन ने कहा कि वह अपने पूर्व छात्र विनय कुमार उपाध्याय को उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में 14 वीं रैंक प्राप्त करने पर हार्दिक बधाई देते है। यह उपलब्धि न केवल विनय के परिश्रम का प्रमाण है, बल्कि हमारे महाविद्यालय की शैक्षणिक उत.ष्टता का भी प्रतीक है। उन्होंने समस्त शिक्षकगणों और छात्रों से अपील किया कि विनय की इस सफलता से प्रेरणा लेकर निरंतर मेहनत और आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्यों की ओर अग्रसर हों। महाविद्यालय सदैव ऐसे प्रतिभावान छात्रों को गर्व के साथ याद करता रहेगा। विनय कुमार उपाध्याय ने अपनी सफलता का श्रेय कॉलेज प्रबंधन और शिक्षकों को देते हुए उपस्थित छात्रों को सोशल मीडिया तथा मोबाइल से दूरी बनाने की सलाह दी और नियमित अध्ययन को सफलता प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम बताया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ० अमित प्रताप सिंह तथा संचालन प्रो० संजय चतुर्वेदी ने किया। निदेशक डॉ० अजीत प्रताप सिंह गौतम ने कार्यक्रम में पधारे पूर्व छात्र विनय कुमार उपाध्याय एवं उनके माता–पिता का आभार व्यक्त किया तथा छात्रों को उनकी सफलता से सीख लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के दौरान .पा शंकर सिंह, डॉ० रामदुलारे, डॉ० श्रीनाथ मिश्र, सूर्यप्रकाश पाण्डेय, डॉ० दिनेश सिंह, डॉ० अजातशत्रु सिंह, डॉ० प्रतिमा सिंह, कमला प्रसाद गुप्ता एवं समस्त शिक्षकगण तथा कर्मचारीगण उपस्थित रहे।



# जखनिया के संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं समस्याएं

## - 151 शिकायतें पंजीकृत, 11 का हुआ त्वरित निस्तारण

न्यूज वाणी ब्यूरो

गाजीपुर। जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील जखनियाँ में जिलाधिकारी अविनाश कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक डा0 ईरज राजा की उपस्थिती में तहसील सभागार मे सम्पन्न हुआ। जिसमे 151 शिकायत/प्रार्थना प्राप्त हुए मौके पर 11 का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 405 शिकायत, प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 41 शिकायत, प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। इसी क्रम में तहसील सदर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 60 शिकायत प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 24 शिकायत प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सेवराई तहसील में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 37 शिकायत प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मैके पर 03 का निस्तारण किया गया। तहसील जमानियॉ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 49 शिकायत प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 05 निस्तारण किया गया। तहसील सैदपुर में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 20 शिकायत प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील मुहम्मदाबाद में तहसीलदार की अध्यक्षता में 64 शिकायत प्रार्थना प्राप्त हुए जिसमें 12 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आम जनमानस की शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए कुछ शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही कराया तथा शेष शिकायतों को सम्बंधित अधिकारियों को अग्रसारित करते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। इस अवसर पर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि जमीनी विवाद और आपसी विवाद एक ही विषय से सम्बन्धित होते है इसलिए राजस्व विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारी आपसी समन्वय स्थापित करते हुए विवादों का निस्तारण सुनिश्चित करें। तहसील के समस्त लेखपालों को निर्देशित किया गया कि शिकायतकर्ता की छोटी–छोटी समस्याएँ जिनका तत्काल निस्तारण किया जा सकता है। उसके लिए किसी व्यक्ति को परेशान न किया जाये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी सुभाष चन्द्र सरोज, उपजिलाधिकारी जखनियॉ, तहसीलदार जखनियॉ, क्षेत्राधिकारी जखनियॉ एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




# अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक पिकअप कोल्ड ड्रिंक जब्त

न्यूज वाणी ब्यूरो

बहराइच। 42 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा के कमांडेंट गिरीश चंद पाण्डेय के सतत पर्यवेक्षण और दिलीप कुमार उप कमांडेंट प्रचालन के निर्देशन में व्यापार एवं पारगमन मार्ग रूपैडिहा पर भारत से नेपाल जाने के क्रम में बीआईटी जांच चौकी पर चेकिंग के दौरान एक पिकअप कोल्ड ड्रिंक को जब्त कर कस्टम कार्यालय रूपैडिहा के सूपूर्द किया। भारत–नेपाल सीमा पर स्थित बीआईटी चेक पोस्ट रूपैडिहा पर भारत से नेपाल जाने के क्रम में नियमित जांच के दौरान वाहन संख्या यूपी–31टी/8262 महिंद्रा बोलेरो को बैरिकेड की ओर आते हुए देखा गया। उक्त वाहन के चालक ने ड्यूटी पर तैनात जवान द्वारा दिए गए स्पष्ट संकेतों के बावजूद वाहन नहीं रोका तथा तेज गति से बैरिकेड पार कर गया। तत्पश्चात उक्त वाहन को चेक पोस्ट से लगभग 50 मीटर आगे जाकर रोका गया। वाहन को रोककर पूछताछ करने पर ज्ञात हुआ कि वाहन में कोल्ड ड्रिंक लदी हुई है। चालक द्वारा बताया गया कि उक्त माल पिंटू प्रधान का है, जिसे वह डिलीवरी हेतु ले जा रहा था। आगे की पूछताछ के दौरान चालक भारत से नेपाल सामान ले जाने हेतु कोई भी वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। उसके पास सीमा शुल्क (कस्टम) विभाग द्वारा विधिवत सत्यापित/प्रमाणित कोई भी दस्तावेज उपलब्ध नहीं था। हालांकि चालक राम बकस पुत्र चंगू ने बिल प्रस्तुत किया लेकिन उसके पास कस्टम्स का कोई अधि.त क्लियरेंस मौजूद नहीं था। भौतिक जांच करने पर वाहन में 175 पेटी/कार्टन कोल्डड्रिंक (माउंटेनड्यू) प्रत्येक पेटी में 09 बोतलें, कुल बोतलें 1575 (प्रति बोतल 2.25 लीटर) उपरोक्त तथ्यों के .ष्टिगत वाहन सहित उक्त समग्री को जब्त कर कस्टम कार्यालय रूपैडिहा को अग्रिम विधिक कार्यवाही हेतु सूपूर्द किया गया।



# खतरनाक स्टंट करने पर बाइक सीज, 11 हजार 500 का चालान

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात प्रतिज्ञा सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया वाहन से खतरनाक स्टंट करने वाले एक अन्य मोटरसाइकिल को सीज करते हुए 11 हजार 500 रुपए का चालान किया गया। गौरतलब हो कि सोशल मीडिया पर कुछ वीडियो संज्ञान में आये थे जिसमें कुछ युवकों द्वारा दोपहिया वाहनो से खतरनाक स्टंट किया जा रहा था। वीडियो को तत्काल संज्ञान में लेकर यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए पूर्व में 03 मोटरसाइकिलों को सीज करते हुए कुल 30 हजार 500 रुपए का चालान किया गया। इसी क्रम में अन्य वाहनों पर की जा रही कार्यवाही के क्रम में एक अन्य मोटरसाइकिल को सीज करते हुए 11 हजार 500 रुपए का चालान किया गया। यातायात पुलिस द्वारा अन्य दोपहिया वाहनों की भी पहचान, तलाश कर सीज करने की कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया है कि पुलिस जनपद में सुगम, सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। सड़क सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए पुलिस द्वारा नियमित रूप से यातायात नियमों के प्रति जन–जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं और नियमों का उल्लंघन करने वालो पर सख्त कार्यवाही की जा रही है। यातायात नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नियम तोड़ने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। यातायात नियमों का पालन करें अन्यथा परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। आमजनमानस से अपील है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए वाहनों से किसी भी प्रकार के खतरनाक स्टंट न करें। इस तरह के .त्य न केवल आपकी अपनी जान के लिए जोखिमपूर्ण हैं, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता हैं।



# जमीन की फर्जी रजिस्ट्री कराने वाला वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरतारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में शनिवार को थाना मटौंध पुलिस द्वारा कूटरचित दस्तावेजों का प्रयोग कर फर्जी जमीन की रजिस्ट्री करने वाले एक अन्य वांछित अभियुक्तों को गिरतार कर लिया गया है। गौरतलब हो कि थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के खुटला निवासी देबिया पुत्र चैतुवा द्वारा 12 फरवरी को थाना मटौंध पर सूचना दी गई कि 06 अगस्त 2025 को उनकी जमीन को कुछ लोगों द्वारा योजना बनाकर कूटरचित दस्तावेजों व आधार कार्ड का प्रयोग कर उनकी हटेटी पुरवा की लगभग 34 बीघा जमीन की फर्जी रजिस्ट्री बिजली खेड़ा निवासी आजम खान के नाम कर दी। जिसके सम्बन्ध में थाना मटौंध पर अभियोग पंजी.त करते हुए थाना मटौंध पुलिस द्वारा पूर्व में ही 11 अभियुक्तों को गिरतार कर जेल भेजा जा चुका है। घटना मे शामिल अन्य अभियुक्तो की गिरतारी के क्रम में शनिवार को थाना मटौंध पुलिस द्वारा एक अन्य अभियुक्त को दुरेड़ी मोड के पास से गिरतार किया गया। पकड़े गए अभियुक्त रिजवान खान पुत्र जमाल खान निवासी जरैली कोठी थाना कोतवाली नगर के विरुद्ध मु0अ0सं0 29/26 धारा 319(2), 318(4), 338, 336(3) 340(2), 352, 351(3) बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट थाना मटौंध में अभियोग दर्ज किया गया है। पकड़ने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक थाना मटौंध दीपेन्द्र सिंह उप निरीक्षक विकास नेहरा का0 पियूष कटियार शामिल रहे।



# एएसपी ने बिसण्डा थाने का किया निरीक्षण

## – अधीनस्थों को दिए आवश्यक दिशा–निर्देश

न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। शनिवार को अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने थाना बिसण्डा का आकस्मिक निरीक्षण किया। थाना अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन कर उन्हे अद्यावधिक करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी से




उनके थाना क्षेत्र में आपराधिक घटनाओं के ग्राफ के बारे में जानकारी ली। साथ ही निर्देशित किया कि ऐसे हॉटस्पॉट को चिन्हित करें जहां रात्रि के समय आपराधिक घटनाएं अधिक होती हैं। ऐसे स्थानों पर पुलिस निरंतर भ्रमणशील रहे। अपराधों की समीक्षा के क्रम में माल मुकदमाती वाहनों के निस्तारण के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया। साथ ही बताया कि महिलाओं से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों पर विशेष ध्यान देकर जल्द से जल्द निस्तारण किया जाये। निरीक्षण के दौरान थाने मे विवेचनाओं की समीक्षा, अपहर्ताओं की बरामदगी के निर्देश दिये गए साथ ही वांछित अभियुक्तों की शीघ्र गिरतारी व लम्बित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण कराना सुनिश्चित करें ताकि प्रभावी पैरवी के माध्यम से अभियुक्तों को जल्द से जल्द सजा दिलाई जा सके।

# केन बेतवा के निर्माण में लाएं तेजी : डीएम



न्यूज वाणी ब्यूरो

बांदा। जिलाधिकारी ने केन बेतवा लिंक परियोजना की मुख्य केन नहर के निर्माणाधीन कार्य का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में केन मुख्य नहर में किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित अधिशाषी अभियंता को निर्देश दिये कि निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ तेज गति से पूर्ण किया जाए। नहर के ऊपर निर्माणाधीन पुल/रपटों का निरीक्षण किया एवं निर्माणाधीन सामग्री को चेक करते हुए निर्माण कार्य को समय से गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए।

# औद्योगिक विकास को लेकर निकली वाहन रैली

## – नवीन दुबे ने 20 सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर रखी बड़ी मांगें



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। जिले के औद्योगिक विकास को लेकर नवीन दुबे एडवोकेट ने निकाली वाहन रैली इटावा विकास मंच के बैनर तले मंच के संस्थापक नवीन दुबे एडवोकेट के नेतृत्व में कल एक विशाल वाहन रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में साथी, मोटर साइकिलें और कारें शामिल रहीं। रैली के माध्यम से जिलाधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार, प्रधानमंत्री भारत सरकार और राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया, जिसे नगर मजिस्ट्रेट राजेंद्र बहादुर ने प्राप्त किया। रैली में बड़ी संख्या में युवा, महिलाएं और गणमान्य लोग शामिल हुए। बाजारों में जगह–जगह व्यापारियों और आम जनता ने माला पहनाकर नवीन दुबे का स्वागत किया, जिससे पूरे शहर में उत्साह का माहौल देखने को मिला। ज्ञापन सौंपने के बाद नवीन दुबे ने जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सरकार इटावा, कन्नौज, मैनपुरी, एटा, औरैया, बांदा और हमीरपुर को विशेष औद्योगिक जोन घोषित कर आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध कराए, तो वे स्वयं यहां बीस हजार करोड़ रुपये के उद्योग स्थापित कराने का प्रयास करेंगे, जिससे स्थानीय लोगों को बड़े स्तर पर रोजगार मिल सके। उन्होंने आलू किसानों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि किसानों को उनकी लागत तक नहीं मिल पा रही है और कई किसान आलू की खुदाई किए बिना ही खेतों की जुताई करने को मजबूर हैं। नगर की व्यवस्था पर बोलते हुए उन्होंने पूरे शहर में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट बनाए जाने की मांग रखी। साथ ही बिजली के स्मार्ट मीटरों के जरिए जनता से हो रही कथित लूट को तुरंत बंद करने की मांग की। नवीन दुबे ने इटावा में आईटी हब स्थापित करने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि यहां के युवा रोजगार के लिए बाहर जाने को मजबूर हैं। यदि इटावा में आईटी हब बनता है, तो यह जिला रोजगार देने वाला एक मॉडल जिला बन सकता है। सभा में उपस्थित लोगों के बीच यह चर्चा भी रही कि इटावा को ऐसे जनप्रतिनिधि की आवश्यकता है जो स्थानीय मुद्दों की गहरी समझ रखता हो। नवीन दुबे के संबोधन के दौरान लोगों ने जोरदार तालियों से उनका समर्थन किया। इस आयोजन को इटावा में बदलाव की नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है। बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भी सभा में भाग लेकर नवीन दुबे के 20 सूत्रीय ज्ञापन का समर्थन किया। अपने संबोधन के दौरान नवीन दुबे भावुक भी हो गए। उन्होंने अपने संघर्ष के दिनों को याद करते हुए बताया कि वर्ष 1988 में रोजगार के लिए नोएडा जाने पर कई बार ऐसी स्थिति आई कि उन्हें गन्ने के रस और ब्रेड से कई दिनों तक गुजारा करना पड़ा। उन्होंने संकल्प लिया कि इटावा की नई पीढ़ी को ऐसे हालात का सामना नहीं करने देंगे और उनका यह गैर–राजनीतिक आंदोलन इटावा के स्वर्णिम भविष्य की शुरुआत है।

# पुलिस वाहन पर रील बनाना पड़ा भारी

## - पुलिस ने युवक को किया गिरफ्तार

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। पुलिस द्वारा पुलिस वाहन के साथ अनधि.त रूप से रीलध्वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर प्रसारित करने वाले एक अभियुक्त को गिरतार किया गया है। यह कार्यवाही थाना बकेवर पुलिस द्वारा की गई। जनपद में कानून–व्यवस्था एवं शांति बनाए रखने के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सोशल मीडिया सेल द्वारा विभिन्न प्लेटफॉर्म्स पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इसी क्रम में थाना बकेवर क्षेत्र का एक वीडियो संज्ञान में आया, जिसमें एक युवक पुलिस के सरकारी वाहन में अनधि.त रूप से प्रवेश कर उस पर बैठकर रीलध्वीडियो बनाते हुए दिखाई दिया। वीडियो में आपत्तिजनक और भ्रामक ऑडियो का भी प्रयोग किया गया, जिससे पुलिस की छवि धूमिल हो रही थी और आमजन में गलत संदेश प्रसारित हो रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना बकेवर पुलिस द्वारा जांच की गई। जांच के बाद अभियुक्त की पहचान रूद्र प्रताप पुत्र सतेंद्र सिंह, निवासी महावीर पुरम, कल्याणपुर, जनपद कानपुर नगर के रूप में हुई, जिसे गिरतार कर लिया गया। गिरतारी के संबंध में थाना बकेवर पर मुकदमा संख्या 87ध्2026 धारा 356 बीएनएस एवं 66म आईटी एक्ट के तहत अभियोग पंजी.त कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इस कार्रवाई में थाना बकेवर पुलिस टीम की सक्रिय भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि पुलिस वाहनों एवं अन्य सरकारी संसाधनों का अनधि.त





उपयोग न करें। सोशल मीडिया पर रील या वीडियो बनाते समय कानून एवं सामाजिक मर्यादाओं का पालन करें। किसी भी प्रकार की भ्रामक, आपत्तिजनक या पुलिस की छवि को धूमिल करने वाली सामग्री का प्रसारण न करें। उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इटावा पुलिस ने स्पष्ट किया है कि जनपद में शांति, सुरक्षा और कानून–व्यवस्था बनाए रखने के लिए वह लगातार प्रतिबद्ध है।

# थियोसोफिकल इंटर कॉलेज में मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान



न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। थियोसोफिकल इण्टर कॉलेज में मेधावी छात्र–छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर छात्र–छात्राएं शील्ड एवं प्रमाण–पत्र प्राप्त कर खुशी से उत्साहित नजर आए। कक्षा 11 के विज्ञान वर्ग में तनिष्का सक्सैना तथा वाणिज्य वर्ग में वैभव तिवारी ने प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त प्रत्येक कक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले तथा अधिकतम उपस्थिति रखने वाले छात्र–छात्राओं को भी शील्ड एवं प्रमाण–पत्र प्रदान किए गए। प्रधानाचार्य अनूप मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि मेहनत का कोई विकल्प नहीं है। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डॉ. के. के. सक्सेना, प्रबंधक अवधेश नारायण तिवारी एवं सचिव अशोक चतुर्वेदी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने उपस्थित होकर छात्र–छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# संयुक्तप्रेस क्लब की बैठक आज

न्यूज वाणी ब्यूरो /इटावा। संयुक्त प्रेस क्लब की जिला एवं नगर कार्यकारिणी के गठन के लिए 5 अप्रैल दिन रविवार को सुबह 11 बजे से प्रेस क्लब भवन (सूचना विभाग कार्यालय) पक्का तालाब के सभागार में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में संयुक्त प्रेस क्लब के सभी पुराने एवं नए सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की गई है। सदस्यता ग्रहण करने के इच्छुक पत्रकारों को अपना सदस्यता फार्म, अधि.त पत्र, आधार कार्ड तथा दो फोटो साथ लाने होंगे। संयुक्त प्रेस क्लब की सदस्यता पूरी तरह निःशुल्क रखी गई है। संगठन की ओर से सभी सदस्यों को आई कार्ड और दुर्घटना बीमा की सुविधा भी बिना किसी शुल्क के उपलब्ध कराई जाएगी। संगठन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि पत्रकार हितों की रक्षा और एकजुटता को मजबूत करने के उद्देश्य से यह पहल की जा रही है। सभी पत्रकार साथियों से अधिक से अधिक संख्या में जुड़कर संगठन को सशक्त बनाने की अपील की गई है, ताकि पत्रकारों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित किया जा सके।




# भर्थना में भाजपा प्रशिक्षण महाअभियान का शुभारंभ

## - दो दिवसीय शिविर में संगठन व योजनाओं पर मंथन

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रदेश भर में चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान–2026 के अंतर्गत जनपद इटावा की भर्थना विधानसभा के सभी छह मंडलों में दो दिवसीय प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ शनिवार को नारायणा कॉलेज में किया गया। इस प्रशिक्षण अभियान का समापन रविवार को होगा, जिसमें कुल सात सत्र आयोजित किए जाएंगे। प्रशिक्षण सत्रों में केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, उपलब्धियों तथा संगठन को मजबूत बनाने के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया जा रहा है। भर्थना विधानसभा के सभी मंडलों में एक साथ उद्घाटन सत्र आयोजित किए गए। भर्थना प्रथम मंडल की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन शर्मा ने की, जबकि उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में जिलाध्यक्ष अरुण कुमार अन्नू गुप्ता उपस्थित रहे। भर्थना द्वितीय मंडल में अध्यक्षता पूर्व जिला महामंत्री रामकुमार त्रिपाठी ने की तथा मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष कन्नौज नरेंद्र राजपूत रहे। महेवा मंडल में अध्यक्षता उदय कुशवाहा ने की और उद्घाटन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने किया। बकेवर मंडल में अध्यक्षता विनोद चौहान ने की, जबकि उद्घाटन भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष शिववीर सिंह भदौरिया ने किया। लखना मंडल में अध्यक्षता अश्वनी त्रिपाठी ने की तथा उद्घाटन पूर्व जिलाध्यक्ष औरैया भुवन प्रकाश गुप्ता ने किया। चकरनगर मंडल में अध्यक्षता शेखर चौहान ने की और उद्घाटन निवर्तमान जिलाध्यक्ष संजीव राजपूत ने किया। सभी स्थानों पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण शिविर के प्रारंभ से पूर्व भारतीय जनता पार्टी की यात्रा और उपलब्धियों को दर्शाती प्रदर्शनी का भी उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सांसद रघुराज शाक्य, प्रेमदास कठेरिया, पूर्व विधायक केके राज, डॉ. सिद्धार्थ शंकर दोहरे, सावित्री कठेरिया, वर्ग प्रभारी डॉ. रमाकांत शर्मा, वर्ग प्रमुख .पा नारायण तिवारी, भाजपा नेता विमल भदौरिया, जिला महामंत्री जितेंद्र गौड़, सतेंद्र राजपूत, हरनाथ कुशवाह, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महिला मोर्चा विनीता गुप्ता सहित बड़ी संख्या में प्रदेश, क्षेत्र और जिला स्तर के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, कार्यकारिणी सदस्य एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# नए सुन्नी काज़ी-ए-शहर का हुआ स्वागत

## - शादी-ब्याह में डीजे पर रोक की अपील

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। सुन्नी काज़ी–ए–शहर कारी फरीद उद्दीन के निधन के बाद यह पद रिक्त चल रहा था। हाल ही में आबूनगर निवासी मुती शहाबुद्दीन को सुन्नी काज़ी–ए–शहर चुना गया। काज़ी–ए–शहर बनने के बाद मोहल्ला आबूनगर स्थित उनके आवास पर एक स्वागत समारोह आयोजित किया गया। जिसमें शहर के गणमान्य लोगों, उलेमा–ए–कराम और पत्रकारों ने बढ़–चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने मुती शहाबुद्दीन का फूल–मालाओं से जोरदार स्वागत किया और उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए मुबारकबाद दी। वक्ताओं ने कहा कि काज़ी–ए–शहर का पद एक बड़ी जिम्मेदारी है और उनसे उम्मीद है कि वे शरीयत के अनुसार मार्गदर्शन करते हुए समाज में अमन, भाईचारा और इंसाफ कायम रखने का कार्य करेंगे। इस अवसर पर प्रेस क्लब ऑफ यूपी के जिलाध्यक्ष मो0 षमषाद, वरिश्ठ पत्रकार नफीस जाफरी, जर्रेयाब खान, अधिवक्ता शुएैब खान, आमिर एडवोकेट, अमजद एडवोकेट, मोबीन खान, मोहम्मद आसिफ, हाजी फरीद, शब्बू, इरफान अली, अमान जाफरी, मौलाना शफीक, हाफिज नदीम सरवर, मौलाना शमीम अख्तर मिस्बाही, मौलाना करामात, हाफिज रुकुम, हाफिज शाहिद, गाजी अब्दुर्रहमान गनी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। काजी–ए–षहर मुती षहाबुद्दीन ने कहा कि शादी–ब्याह जैसे कार्यक्रमों में डीजे का प्रयोग न किया जाए, ताकि समाज में सादगी, शालीनता और धार्मिक मूल्यों को बढ़ावा मिल सके।



# अदालती नोटिस

समन वास्ते करारदार उमूर तनकीह तलब

(आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट नं0 1 फतेहपुर

वाद संख्या– 58

सन् 2020 ई०

इण्डियन ओवरसीज बैंक संस्थापित अन्तर्गत (एक्यूजीशन एण्ड ट्रांसफर आफ अण्डर टेकिग्स ) एक्ट 1970 केन्द्रीय कार्यालय स्थित 763 अण्णा सालई चेन्नई– 600002 शाखा फतेहपुर द्वारा श्री बंशीधर दास, वरिष्ठ प्रबन्धक, इण्डियन ओवरसीज बैंक शाखा फतेहपुर स्थित– बांदा सागर रोड मोहल्ला कलक्टरगंज, शहर फतेहपुर।

...........वादी

....बनाम...........

1.मेसर्स प्रदीप मिनी आयल एक्सपेलिग उघोग स्थित ग्राम जम्मूपुर उमरी पोस्ट ढ़कौली, जिला फतेहपुर जरिये प्रोपराइटर श्री प्रदीप कुमार पुत्र श्री सरजू प्रसाद निवासी ग्राम जम्मूपुर उमरी पोस्ट ढ़कौली जिला फतेहपुर।

2.श्री प्रदीप कुमार बालिग पुत्र श्री सरजू प्रसाद निवासी ग्राम जम्मूपुर उमरी पोस्ट ढ़कौली जिला फतेहपुर।

........प्रतिवादीगण

हरगाह वादी ने आपके नाम नालिश अदातल के दायर किया है, लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 30 माह 04 सन् 2026 ई० बवक्त 10 बजे दिन के असाल्तन या मार्फत वकील के जो मुकदमा के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमूर व अहम मुतालिक मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और सख्श हो तो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा को करे और आपको लाजिब है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करे, जिस पर बताईद अपनी जवाबइदेही के इस्तेमाल करना चाहते हों। आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा वगैर हाजिरी के आपके खिलाफ होगा। बसख्त मेरे दस्तखत और मुहर अदातल के आज बतारीख माह सन् ई० जारी किया गया।

मुन्सरिम

ब अदालत सिविल जज (सी0डि0) कोर्ट नं0 1

फतेहपुर।

### दिनेश बने भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिलाध्यक्ष

न्यूज वाणी ब्यूरो /रायबरेली। भीम आर्मी भारत एकता मिशन की जिला कार्यकारिणी कमेटी सहित पूर्व की सभी कमेटियों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया गया है। भीम आर्मी



भारत एकता मिशन के संस्थापक/राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. विजय कुमार आजाद व प्रदेश अध्यक्ष अंकित कुमार आजाद के निर्देशानुसार लखनऊ मंडल संयोजक भीम आर्मी भारत एकता मिशन एड. स्वामी दयाल की संस्तुति पर दिनेश कुमार को भीम आर्मी भारत एकता मिशन का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया जाता है और इनसे अपेक्षा की गई किये संबैधानिक दायरे में रहते हुए जिले की आवाम की बुलंद आवाज बनें। जिले में ही नहीं प्रदेश व देश में एक नया कीर्तिमान स्थापित करें।

# सीएम युवा योजना से युवाओं को मिलेगा स्वरोजगार का मौका

## - पांच लाख तक ऋण और चार वर्ष तक ब्याज मुक्तसुविधा

न्यूज वाणी ब्यूरो

इटावा। उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र द्वारा अवगत कराया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी सीएम युवा योजना के अंतर्गत जनपद के युवाओं के लिए स्वरोजगार के नए अवसर खुल गए हैं। योजना का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर छोटे उद्योगों और सेवा केंद्रों को बढ़ावा देना है, ताकि युवा रोजगार मांगने वाले नहीं बल्कि रोजगार देने वाले बन सकें। योजना के तहत युवा अपनी रुचि के अनुसार विभिन्न प्रकार के कार्य शुरू कर सकते हैं। इसमें .षि आधारित उद्योग जैसे आटा चक्की, तेल स्पेलर, मसाला पिसाई इकाई और दाल मिल शामिल हैं। महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत ब्यूटी पार्लर, सिलाई–कढ़ाई, बुटीक और टेडी बियर निर्माण जैसे कार्य किए जा सकते हैं। तकनीकी एवं सेवा क्षेत्र में मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर, कंप्यूटर या साइबर कैफे और फोटोकॉपी की दुकान खोली जा सकती है। इसके अलावा निर्माण इकाइयों में दोना–पत्तल निर्माण, अगरबत्ती बनाना, फर्नीचर कार्य और वेल्डिंग वर्कशॉप भी स्थापित किए जा सकते हैं। योजना के अंतर्गत आवेदन करने वाले की आयु 21 से 40 वर्ष के बीच होनी चाहिए। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता कक्षा 8 उत्तीर्ण निधारित है, जबकि इंटरमीडिएट या समकक्ष अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी। युवाओं को बैंक के माध्यम से 5 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा, जिसे आसान किस्तों में जमा करना होगा। इस योजना की विशेषता यह है कि यह ऋण 4 वर्षों तक पूरी तरह ब्याज मुक्त रहेगा। साथ ही कुल परियोजना लागत का 10 प्रतिशत हिस्सा विभाग द्वारा सब्सिडी के रूप में दिया जाएगा। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को 15 प्रतिशत, ओबीसी को 12.5 प्रतिशत तथा एससी, एसटी और दिव्यांग वर्ग को 10 प्रतिशत स्वयं का अंशदान जमा करना होगा। योजना में 6 महीने की राहत अवधि भी दी गई है, जिसमें प्रारंभिक समय में किस्त न देने पर भी छूट मिलेगी। अधिकारियों ने युवाओं को बिचौलियों से सावधान रहने की सलाह दी है। योजना के लिए आवेदन पोर्टल पर पूरी तरह निःशुल्क किया जा सकता है। प्रोजेक्ट रिपोर्ट भी पोर्टल पर 24 से 48 घंटे के भीतर मुत में तैयार हो जाती है। कोटेशन अपने नजदीकी दुकानदार या पोर्टल पर उपलब्ध विक्रेताओं से बिना किसी शुल्क के प्राप्त किया जा सकता है। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी के लिए जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केन्द्र, एसडी फील्ड, इटावा कार्यालय में सीधे संपर्क किया जा सकता है। युवाओं से अपील की गई है कि वे दलालों से बचें और स्वयं कार्यालय जाकर अपनी फाइल पर चर्चा करें। उनका एक सही कदम जनपद को समृद्ध इटावा बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है।

# पालिकाध्यक्ष ने करोड़ों के विकास कार्यो का किया लोकार्पण

## - शहर का चहुमुखी विकास कराना पालिका का लक्ष्य : राजकुमार



न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती देने के लिए विभिन्न वार्डों में जनहितकारी परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन कार्यों का प्राथमिक उद्देश्य शहरी सुविधाओं को आधुनिक बनाना और सार्वजनिक स्थलों का कायाकल्प करना है। पालिकाध्यक्ष का कहना रहा कि षहर का चहुमुखी विकास कराना पालिका का लक्ष्य है। इस लक्ष्य को धीरे–धीरे पूरा किया जा रहा है। महापुरुषों के सम्मान और स्थानीय निवासियों की सुविधा हेतु पार्कों के जीर्णोद्धार पर विशेष जोर दिया गया। आवास विकास (खलीलगंज) में डॉ. भीमराव अंबेडकर पार्क का नौ लाख की लागत से सु.ढ़ीकरण किया गया। अस्ती में स्थित आंबेडकर पार्क में आठ लाख की लागत से विकास कार्य संपन्न कराए गए। आवागमन को सुगम बनाने के लिए सीसी रोड परियोजनाओं को जनता को समर्पित किया गया। जिसके तहत नासिरपीर मोहल्ला में बीस लाख की लागत से निर्मित मुख्य सड़क का उद्घाटन हुआ। शादीपुर मोहल्ला में छह लाख की लागत से नई सीसी रोड के निर्माण से स्थानीय लोगों को कीचड़ और जर्जर रास्तों से राहत मिली। इस अवसर पर सभासद षादाब अहमद, पुष्पराज पटेल, नरेंद्र लोधी, विनय तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। अध्यक्ष ने भविष्य में भी विकास कार्यों की गति बनाए रखने का संकल्प दोहराया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में 23 षिकायतों का हुआ निस्तारण

## - विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों को किया लाभान्वित

## - आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई करें विभागाध्यक्ष : डीएम

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वाधान में तहसील खागा के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों ने स्टाल लगाकर नागरिकों को लाभान्वित किया। बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, पुलिस, चकबंदी, विद्युत, आवास, वृद्धा, दिव्यांग, निराश्रित महिला पेंशन, .षि, उद्यान, सिंचाई, नलकूप, जल निगम (ग्रामीण), बाल विकास, महिला कल्याण, जिला पूर्ति, पीडब्ल्यूडी, आरईएस आदि विभागों से संबंधित कुल 244 शिकायतें प्राप्त हुई जिसके सापेक्ष 23 का मौके पर निस्तारित कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्व निस्तारण के संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। दूर दराज से आए शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने अधिकारियों से कहा कि फरियादियों की शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण त्वरित निस्तारण हो। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासकीय कार्यो में लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को सुनते हुए संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर उप जिलाधिकारी खागा, पुलिस क्षेत्राधिकारी खागा, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला .षि अधिकारी, सहायक श्रमायुक्त, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, एलडीएम, खंड विकास अधिकारी सहित राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।








# श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण जन्म एवं नंदोत्सव का वर्णन

न्यूज वाणी ब्यूरो

विजयीपुर, फतेहपुर। असदुल्ला नगर सिठियानी ग्राम सभा में अमृत लाल जायसवाल की ओर से आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान उत्सव में इटावा से पधारे कथाव्यास हरिभजन दास जी महाराज ब्रह्मचारी परशुराम महाराज द्वारा कथा के चौथे दिन शनिवार को वामन अवतार, श्री.ष्ण जन्म की कथा एवं नंदोत्सव का वर्णन किया गया। यजमान अमृत जायसवाल एवं गीता जायसवाल सपरिवार थे। कथा का पूजन आचार्य रोहित शुक्ला द्वारा मंत्रोच्चारण से करवाया गया। श्री.ष्ण जन्म की कथा का वर्णन करते हुए महाराज ने बताया कि कंस की कारागार में वासुदेव–देवकी के भादों मास की अष्टमी को रोहिणी नक्षत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। उनका लालन–पालन नंदबाबा के घर में हुआ था इसलिए नंदगांव में श्री.ष्ण जन्मोत्सव बहुत ही धूमधाम से मनाया गया। श्री.ष्ण ने अत्याचारी कंस का वध करके पृथ्वी को अत्याचार से मुक्त किया और अपने माता–पिता को कारागार से छुड़वाया। .ष्ण जन्म की खुशी में शनिवार को कथास्थल को विशेष रूप से सजाकर माखन मिश्री, फलों का प्रसाद वितरण किया गया। भक्तों ने नाच–गाकर नंदोत्सव मनाया। इस अवसर पर तेज प्रकाश जायसवाल, राखी जायसवाल, अनुशा, आदित्य, आनंद प्रकाश, निधी जायसवाल, तनिष्का, कार्तिक, राहुल जायसवाल, ष्वेता जायसवाल, अंवित जायसवाल सहित अनेक भक्तगण उपस्थित रहे।




# फुलवामऊमें भक्ति व सेवा का संगम

## – पंद्रह अप्रैल को सजेगा विशाल भंडारा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। जनपद के फुलवामऊ (चुरियानी) स्थित जय श्री बड़े खागल बाबा धाम में इस वर्ष भी भक्ति और सेवा का भव्य आयोजन होने जा रहा है। पूर्वजों के आशीर्वाद से आयोजित होने वाले इस वार्षिक उत्सव में क्षेत्र के श्रद्धालुओं की अपार श्रद्धा देखने को मिल रही है। धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत 13 व 14 अप्रैल को अखंड रामायण पाठ के साथ होगी, जिसमें समूचा क्षेत्र प्रभु राम के भजनों से गुंजायमान रहेगा। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण 15 अप्रैल को होने वाला विशाल भंडारा होगा, जहाँ हजारों की संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। आयोजन समिति के अध्यक्ष महेश सिंह एडवोकेट ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां जोर–शोर से चल रही हैं। इस अवसर पर अजय अवस्थी, भरत सिंह चंदेल, राघवेंद्र सिंह चंदेल, धर्मेंद्र सिंह चंदेल, अतुल सिंह परिहार, विक्रम सिंह, दीपू सिंह कछवाह, पवन शुक्ला, राहुल यादव, संदीप सिंह समेत क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और भारी संख्या में भक्तगण मौजूद रहेंगे। अध्यक्ष महेश सिंह एडवोकेट एवं समस्त भक्तगणों ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में धाम पहुंचकर अखंड रामायण पाठ का पुण्य लाभ उठाएं और पंद्रह तारीख को विशाल भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

# वाहन की टक्कर से मां की मौत, पुत्र घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। खागा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम टेनी मोड़ पर शुक्रवार की शाम चार पहिया की टक्कर से बाइक सवार मां–बेटा घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल महिल को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने मां को मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के धर्ममंगतपुर मजरे नरवा गांव निवासी देवपाल सिंह कि 50 वर्षीय पत्नी कलावती अपने पुत्र पुष्पराज के साथ थरियांव थाना क्षेत्र के रामपुर गांव दवा देने आई वापस लौटते समय जैसे ही यह लोग टेनी मोड़ के पास पहुंचे तभी चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दिया। जिससे मां बेटा घायल हो गये। गंभीर रूप से घायल कलावती को उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर विच्छेदन गृह भेज दिया। हादसे के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया।

# बिजली के शार्ट सर्किट से जल निगम के स्टोर में लगी आग

## – कई लाख रुपए की संपत्ति जली,–गेहूं के खेत की फसल भी जली



न्यूज वाणी ब्यूरो

बिंदकी संवाददाता। बिजली के शार्ट सर्किट से जल निगम के स्टोर में आग लग गई। लगभग आधे घंटे से अधिक तक हड़कंप मचा रहा मौके पर भारी भीड़ लग गई। खुशकिस्मती रही कि पास में फायर स्टेशन होने के कारण तुरंत फायर ब्रिगेड पहुंची लगभग आधा घंटा के प्रयास के बाद आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया तब तक लाखों रुपए की संपत्ति जल गई आग की इसी घटना में एक किसान की लगभग एक बीघा गेहूं की फसल भी जल गई कोतवाली बिंदकी क्षेत्र के अंतर्गत जनता गांव मोड़ के समीप शनिवार की सुबह लगभग 10रू00 बजे हाई टेंशन लाइन के ट्रांसफार्मर में बिजली के शार्ट सर्किट से जल निगम के पावर मेक प्रोजेक्ट लिमिटेड के अंतर्गत राजधानी प्राइवेट लिमिटेड के स्टोर में आग लग गई। आग लगने से जल निगम के रखे प्लास्टिक के मोटे पाइप दूध कर जलने लगे। प्लास्टिक के पाइप आग का गोला बन गए। धुएं का गुबार कई किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। भयंकर आग लगने पर दूर दराज के तमाम लोग मौके पर पहुंचने लगे। हड़कंप मच गया भारी भीड़ लगी रही। खुशकिस्मती रही कि फायर स्टेशन नजदीक ही था। जिसके तहत तुरंत फायर ब्रिगेड पहुंची। लगभग आधे घंटे के प्रयास के बाद आग को पूरी तरह से बुझा लिया गया। तब तक कई लाख रुपए के जल निगम के प्लास्टिक के पाइप जलकर खाक हो गए। हाई टेंशन लाइन के ट्रांसफार्मर में बिजली के शार्ट सर्किट से जनता गांव के विकास अवस्थी के एक बीघा गेहूं की फसल भी जल गई। खुशकिस्मती रही कि ग्रामीण भारी संख्या में एक्ट हो गए और तुरंत आग को बुझा लिया गया वरना आसपास सैकड़ो बीघा गेहूं की पकी फसल खड़ी हुई थी यदि आग विस्तार कर जाती तो किसानों की सैकड़ो बीघा फसल जल सकती थी। आग लगने की जानकारी होने पर लेखपाल उमेंद्र मौर्या तथा उनके साथ लेखपाल अजीत उमराव व लेखपाल प्रभाकर पटेल आदि मौके पर पहुंचे। गेहूं की जली फसल की जांच पड़ताल किया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची।

# शिक्षकों व विद्यार्थियों से होता सभ्य समाज का निर्माण : राजेन्द्र

## - जहानाबाद विधायक व डीएम ने बच्चों को वितरित कीं निःशुल्क पाठ्यपुस्तक
## - कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक रैली व वैन को हरी झण्डी दिखा किया रवाना

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। स्कूल चलो अभियान



के पहले चरण का शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी से किया। जिसका सजीव प्रसारण महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में छात्र–छात्राओं, शिक्षकों एवं जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में देखा व सुना गया। इसके पश्चात निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरण का विधायक जहानाबाद राजेन्द्र सिंह पटेल व जिलाधिकारी रविन्द्र सिंह ने दीप प्रज्जवलन कर व मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती व गणेश वंदना की शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को किताबें देकर और माला पहनाकर स्वागत किया गया। किताबें पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे। विधायक राजेंद्र पटेल ने कहा कि किसी भी सभ्य समाज का निर्माण शिक्षकों और उनके विद्यार्थियों से होता है। आने वाले समय में यही बच्चे हमारे समाज की नींव रखेंगे। आज सरकार शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन की राह पर है। डीएम श्री सिंह ने कहा कि अगर विद्यालय में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत है और बच्चा अच्छा प्रदर्शन करता है तो इसका श्रेय अभिभावक और शिक्षक को जाता है। उन्होंने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी से कहा कि यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि पिछले साल जितने बच्चों का नामांकन था वो दोबारा से नामांकन कराएं एवं नए नामांकन भी ज्यादा से ज्यादा हो। इसके लिए आगनवाड़ी के बच्चों को जो बालवाटिका में आ रहे हैं उनका शतप्रतिशत नामांकन कराया जाए। इस कार्य में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों का भी सहयोग लिया जाए। इसके पश्चात कलेक्ट्रेट परिसर से बाइक रैली और वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर परियोजना निदेशक पीडीडीआरडीए, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, शिक्षकगण, अभिभावक, छात्र–छात्राएं सहित सम्बन्धित उपस्थित रहे।

# सपा के नवमनोनीत प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव का पार्टी जनों ने किया जोरदार स्वागत

## - चुनौतीपूर्ण है मेरा पद, सभी छह सीटें पार्टी की झोली में डालना लक्ष्य- जगनायक
## - जगनायक को पद मिलने से कार्यकर्ताओं में ऊर्जा का नया संचार

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। समाजवादी पार्टी के नवमनोनीत प्रदेश सचिव एवं पूर्व अध्यक्ष जिला पंचायत जगनायक सिंह यादव का शनिवार को शादीपुर स्थित पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक उन्हें फूल–मालाओं से लादकर जोरदार स्वागत करते हुए उन्हें भरोसा दिलाया कि उनके नेतृत्व में 2027 के विधानसभा चुनाव में जिले की सभी विधानसभा सीटों पर पार्टी का परचम लहराकर नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा। साथ ही इतनी सीटे जितवाकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री की कुर्सी पर भी आसीन कराया जाएगा। स्वागत से गदगद अपने संबोधन में श्री यादव ने कहा कि उनका यह पद चुनौती से कम नहीं है। क्योंकि चुनाव से ठीक दस माह पहले उन्हें ये जिम्मेदारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रदेश अध्यक्ष ने सौंपी है। इसलिए अब तक जिले की दो सीटे जीतने का रिकार्ड तोड़कर सभी सीटों पर पार्टी प्रत्याशियों को विधानसभा भेजकर नया कीर्तिमान स्थापित किया जाएगा। जिसके लिए पार्टीजनों का भरपूर सहयोग लिया जाएगा। मुख्य अतिथि की



हैसियत से सांसद नरेश उत्तम पटेल ने शिरकत की। पार्टी कार्यालय में लगभग एक बजे अपरान्ह पहुंचे प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव का पहले से मौजूद जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह यादव की अगुवई में बड़ी तादाद में पदाधिकारियों व पार्टी कार्यकर्ताओं ने नारों के बीच फूल–मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। तत्पश्चात स्वागत समारोह एक बैठक में तब्दील हो गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव जगनायक सिंह यादव ने इस बड़ी जिम्मेदारी को चुनौती भरा पद बताया। उन्होने कहा कि पार्टी नेतृत्व उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपेगा उस जिम्मेदारी को मेहनत के साथ पूरा करने की कोशिश की जाएगी। इतना ही नहीं वह अपने गृह जनपद में पार्टी को पहले से और ज्यादा मजबूती प्रदान करने में पीछे नही हटेंगे। बैठक को पूर्व जिलाध्यक्ष समरजीत सिंह, वलीउल्ला, वीरेन्द्र यादव व चेयरमैन राजकुमार मौर्य ने संबोधित करते हुए प्रदेश सचिव बनाए जाने पर जगनायक सिंह यादव को भरोसा दिलाया कि उनके नेतृत्व में पार्टी पहले से अधिक मजबूत होकर निखरेगी। जिसका लाभ आने वाले विधानसभा चुनाव में मिलना तय है। बैठक का संचालन जिला महासचिव चौधरी मंजर यार ने किया। इस मौके पर विधायक चन्द्र प्रकाश लोधी, ऊषा मौर्या के अलावा, वसीम अंसारी एडवोकेट, बीना पटेल, मोईन खान, महेन्द्र बहादुर सिंह बच्चा, कमलेश वर्मा, शफीक उद्दीन, दलजीत निषाद, विपिन यादव, जंग बहादुर मखलू, शकील अकबर, राजू कुर्मी, रामतीर्थ परमहंस, मंजुल यादव, रीता प्रजापति, अरूणेश पाण्डेय, नफीसा बानो, संगीता राज पासी, कमलेश निषाद, सुहैल अहमद हेमू, रामबाबू यादव, नरेश कोरी, आजम खान, सुशील पटेल दोषी, डा. अमित पाल, अमित मौर्या, शहंशाह, मो0 अय्यूब, अंकित यादव, राजेश यादव, बच्छराज मौर्य, सुनील वर्मा, डीजी कुशवाहा, अनिल यादव, अकील अहमद, शिव सिंह यादव, आसिफ मसूद एडवोकेट, सुरिज पाल, करूण यादव, वासुदेव पासी सहित तमाम सपाई मौजूद रहे।

# स्कूली बस ट्रांसफार्मर के एंगल से टकराई, बड़ा हादसा टला

## - बस में सवार थे तीस से अधिक बच्चे

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी के बच्चों को लेकर आ रही प्राइवेट बस ट्रांसफर के एंगल से टकरा गई जिससे बस में बैठे बच्चे दहशत मेंआ गए। हादसे में स्थानीय लोगों की सक्रियतावष किसी तरह रुकवाई गई जिससे बड़ा हादसा टल गया। शनिवार को केंद्रीय विद्यालय मधुपुरी के बच्चों को लेकर आ रही महालक्ष्मी ट्रांसपोर्ट सर्विस की जैसे ही राधानगर पावर हाउस के निकट पहुंची सामने से आ रहे ट्राला को साइड देने के चक्कर में सड़क किनारे पोल के सहारे लगे बिजली ट्रांसफ़र के एंगल से टकरा गई। जैसे ही बस बिजली के ट्रांसफार्मर से टकराई जोरदार आवाज़ होने से बस में बैठे बच्चे सहम उठे। बच्चों के बीच चीख–पुकार मच गई। धमाके की आवाज़ सुनकर आस पास के लोग भागकर पहुंचे और बस को रुकवाकर मौजूद बच्चों को किसी तरह बाहर निकाला गया। बताते चलें कि





महालक्ष्मी बस सर्विस की प्राइवेट स्तर की बस लंबे समय से केंद्रीय विद्यालय के बच्चों को स्कूल लाने व ले जाने का कार्य कर रही थी। रोज़ की तरह बस ड्राइवर स्कूल से छुट्टी होने के बाद विद्यालय के बच्चों को छोड़ने जा रही थी। जैसे ही बस राधानगर पावर हाउस के पास पहुँची विपरीत दिशा से आ रहे ट्राला को साइड देने के चक्कर में चालक ने बस को सड़क के काफ़ी नीचे उतार दिया जिससे चालक सड़क के किनारे पोल सके सहारे लगे ट्रांसफ़र व उसके एंगल को नहीं देख सका। देखते ही देखते ट्रांसफ़र का एंगल लोहे की चादर को फाड़ते हुए बस ने जा घुसा। हादसे की आवाज़ से बस में बैठे सहम उठे और चीख पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने पहुंचकर बस में बैठे बच्चों को सांत्वना देते हुए उन्हें सड़क से हटाकर पावरहाउस कैंपस में ले जाया गया। प्रत्यक्षदर्शी की माने तो चालक की लापरवाही की वजह से बस में बैठे तीस से अधिक बच्चों की जान पर बन गई। ट्रांसफ़र से करंट उतरने या आग लगने की दशा में बड़ा हादसा हो सकता था। जिसमे बड़ी संख्या में बच्चों को नुकसान हो सकता था। वही घटना होने के बाद विद्यालय व पुलिस प्रशासन का मौके पर न पहुंचना भी चर्चा में बना रहा।

# आर्य समाज के वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन भजन उपदेशक जगत वर्मा बोले--जो आया है वह जाएगा

## –सुबह शाम प्रतिदिन हो रहे भजन उपदेश




न्यूज वाणी ब्यूरो/बिंदकी संवाददाता। आर्य समाज के तीन दिवसीय वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन भजन उपदेशक जगत वर्मा बोल इस दुनिया में जो आया है वह जाएगा जरूर जब तक जीवन है परोपकार कर ले पुण्य कमा ले और जीवन को सफल बना लें। जानकारी केअनुसार बिंदकी कस्बे के ललौली चौराहे के समीप दयानंद इंटर कॉलेज के सामने आर्य समाज मंदिर परिसर में आर्य समाज के तीन दिवसी वार्षिक उत्सव के दूसरे दिन शनिवार की सुबह 9 बजे मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन किया गया। इसके बाद पंजाब से आए भजन उपदेशक जगत वर्मा द्वारा भजन के माध्यम से उपदेश दिए गए। इस मौके पर उन्होंने कहा की यहां पर जो आया है उसका जाना भी सुनिश्चित है इसलिए अधिक से अधिक परोपकार जीवन को सफल बनाने का काम करें। इस मौके पर आए हुए अन्य विद्वानों सुल्तानपुर से आए भजन उपदेशक आचार्य शुचिसद मुनी, हमीरपुर से आए भजन उपदेशक पंडित सेवक राम आर्य तथा फतेहपुर के उपदेश आचार्य भूदेव शास्त्री ने भी भजन उपदेश द्वारा अच्छे मार्ग में चलने की सीख दिया। इस मौके पर आर्य समाज के प्रधान श्रवण कुमार कोषाध्यक्ष कृष्ण कुमार मंत्री इंद्रधरलाल के अलावा वेद प्रकाश गुप्ता अरविंद गुप्ता उर्फ पप्पू यदुनंदन आर्य डॉक्टर महेश आर्य प्रिया दत्त पांडे जय ओमर जयदेव सिंह गप्पू गुप्ता वीरेंद्रगुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

# मृतक लाइनमैन के घर पहुंचकर बसपाईयों ने दी सांत्वना

## – परिवार की सहायता के लिए डीएम से की जाएगी मांग

न्यूज वाणी ब्यूरो/फतेहपुर। बहुजन समाज पार्टी का एक प्रतिनिधि मंडल मृतक विद्युत लाइनमैन के आवास पहुंचा और परिजनों से भेंटकर जहां उन्हें सांत्वना दी वहीं भरोसा दिलाया कि



डीएम से मिलकर परिवार की सहायता की मांग की जाएगी। बसपा जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट के नेतृत्व में विधानसभा अध्यक्ष सतीश पासी, विधानसभा प्रभारी हरिपाल कुरील, अरविन्द कुमार, प्रबुद्ध कुमार, पुतान सोनकर, सूर्यपाल लोधी, चंदन सिंह लोधी, नील सिंह लोधी, बलराज लोधी, महिपाल लोधी, अमित कुमार तिवारी, धर्मेंद्र लोधी, राजनरायन लोधी, रंजीत गौतम ग्राम मौहार में मृतक लाइनमैन अनोखेलाल लोधी के आवास पहुंचे। जहां उनके पिता नेपाली लोधी के अलावा मृतक की पत्नी संगीता देवी, बेटे रोहित व महंगू से मुलाकात की। परिवारीजनों को सांत्वना देते हुए कहा कि डीएम से मिलकर विद्युत विभाग के कर्मचारियों से एक दिन का वेतन इकट्ठा करके जो भी राशि इकट्ठी हो मृतक की पत्नी संगीता देवी व नाबालिग पुत्र शिव लोधी 4 वर्ष को पालन करने हेतु दिलाएज ाने के साथ ही नाबालिग शिव लोधी की शिक्षा के लिए व्यवस्था किए जाने, पत्नी संगीता देवी को सरकारी नौकरी दिए जाने के साथ ही पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता परिवार को दिलाए जाने की मांग की जाएगी।

# जैतपुर में स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ

## – मेधावियों का हुआ सम्मान, रैली को विधायक ने दिखाई झण्डी

न्यूज वाणी ब्यूरो/बहुआ, फतेहपुर। विकास खंड बहुआ के प्राथमिक विद्यालय जैतपुर में शनिवार को स्कूल चलो अभियान का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अयाह शाह विधायक विकास गुप्ता ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर क्षेत्र में शिक्षा के प्रति अलख जगाई। इस दौरान वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा अभियान के राज्यस्तरीय शुभारंभ का सजीव प्रसारण भी देखा गया, जिससे विद्यालय परिसर में उत्सवी माहौल रहा। मुख्य अतिथि विधायक विकास गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश के सरकारी विद्यालय अब नई पहचान बना रहे हैं। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में स्कूल चलो अभियान एक जन–आंदोलन का रूप ले चुका है, जिसका उद्देश्य हर बच्चे को शिक्षा से जोड़ना है। खंड शिक्षा अधिकारी हौसिला प्रसाद ने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए शून्य अपव्यय लक्ष्य पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक घर–घर सर्वे कर निर्धारित आयु वर्ग के बच्चों का बालवाटिका से कक्षा 1 से 8 तक शत–प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें। विशेष रूप से झुग्गी–झोपड़ियों, ईंट–भट्टों पर कार्यरत श्रमिकों के बच्चों, बालिकाओं, प्रवासी परिवारों एवं दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले वंचित बच्चों को चिन्हित कर उन्हें विद्यालय से जोड़ना अभियान की सफलता का आधार है। इस अवसर पर विधायक एवं खंड शिक्षा अधिकारी ने नवप्रवेशी बच्चों का रोली–टीका व चंदन लगाकर स्वागत किया। साथ ही कक्षा 1 से 5 तक वार्षिक परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को मेडल, प्रमाण पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले बच्चों एवं निपुण छात्रों को भी प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राजेश तिवारी ने कुशलतापूर्वक किया। इस मौके पर ग्राम प्रधान सुशील सिंह चंदेल, प्रधानाध्यापिका मोनिका वर्मा, संजना गुप्ता, अभिषेक आर्य, प्रवीण दुबे, रेनू सिंह सहित अन्य वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेवी प्रकाश गुप्ता, जिला मंत्री अरिमर्दन सिंह, मंडल अध्यक्ष संजय सिंह हांडा, अखिलेश त्रिपाठी, रजोल मिश्रा, एआरपी अनुपम श्रीवास्तव, अभिषेक आर्या, संग्राम सिंह, राधेलाल, संध्या देवी, कोमल गुप्ता, आराधना तिवारी, अंजू गुप्ता, अर्चना शुक्ला, सपना सिंह, सारिका तिवारी आदि मौजूद रहे।



# छोटे भाई व उसकी पत्नी को पीटा

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तुराबअली का पुरवा में मामूली बात को लेकर बड़े भाई ने अपनी पत्नी, पुत्र व पुत्री के साथ मिलकर छोटे भाई व उसकी पत्नी को लाठी डंडा व लोहे का राड मारकर घायल कर दिया। घायलावस्था में छोटे भाई को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। जानकारी के अनुसार तुराबअली का पुरवा मोहल्ला निवासी बाबू लाल का पुत्र रामकुमार को उसका बडा भाई राजकुमार पत्नी लालती देवी पुत्र सचिन व पुत्री ज्योति ने घर में घुस कर लाठी डन्डा व राड मारकर घायल कर दिया और धमकी देते हुये पिता पुत्र फरार हो गये। घायलावस्था में रामकुमार को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया। इलाज करा रहे घायल ने बताया कि वह सब्जी का ठेला लेकर फेरी पर गया था। वहीं उसकी पत्नी को मामूली विवाद को लेकर ज्योति व उसकी मां लालती देवी ने घर के अन्दर घुस कर लात घूसों से मारापीटा किसी तरह से वह उनसे बचकर बाहर भागी और मोबाइल द्वार उसने उसे जानकारी दी। जब वह घर पहुंचा पहले से उसका भाई राजकुमार अपनी पत्नी व पुत्र पुत्री के साथ घात लगाये बैठा था पहुंचे ही चारों ने लाठी डन्डा सरिया से मार कर घायल कर दिया। वहीं धमकी दी जा रही है कि अगर सुलह नहीं करोगे तो जान से मार देंगे।

# मिक्सचर मशीन की चपेट में आकर मजदूर घायल

न्यूज वाणी ब्यूरो

फतेहपुर। हथगाम थाना क्षेत्र के ग्राम कसेरूआ में शनिवार की सुबह मिक्सचर मशीन की चपेट में आ जाने से 27 वर्षीय मजदूर घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के कसेरूआ गांव निवासी जयराम का पुत्र उमेश मजदूरी करता है। बताते है कि गांव में ही स्थित मस्जिद का निर्माण किया जा रहा है। तभी मिक्सचर मशीन लगाते समय अचानक ढलान होने से पीछे से की ओर आयी। जिसकी चपेट में आ जाने से उमेश घायल हो गया। उपचार के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

स्वामी,प्रकाशक,मुद्रक, फतेहपुर किंग सेवा संस्थान के लिये नफीस अहमद जाफरी द्वारा जाफरी प्रिन्टर्स 170 महाजरी फतेहपुर उ0प्र0 से मुद्रित एंव प्रकाशित । सम्पादक नफीस अहमद जाफरी मो0 9451548620 R.N.I : UPHIN/ 2011/44792 (समस्त विवादो का न्याय क्षेत्र फतेहपुर )